सुविचार - जिंदगी में चुनौतियां हर किसी के हिस्से में नहीं आती क्योंकि किस्मत भी किस्मत वालों को ही आजमाती है ।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ


# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-38 अंक -50 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-29 अगस्त 2024 मूल्य-3/00 पृष्ठ -16

## जन्माष्टमी पर शोभायात्रा निकाली

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** पिपरिया अंतरराष्ट्रीय पुष्टीमार्गी वैष्णव परिषद के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई । जन्माष्ठमी के अवसर पर बल्लभ सुखाधाम सीमेंट रोड पर प्रातः से देर रात्रि तक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा । जिसमें भारी तादाद में वैष्णवजन व भक्तजन शामिल हुए। श्रीबल्लभजनसेवा समिति, अंतराष्ट्रीय पुष्टीमार्गीय वैष्णव परिषद के बेनरतले बल्लसुखधाम में प्रातः मंगल आरती, पंचामृतदर्शन, ध्वजारोहण, तिलकदर्शन हुए वही शाम 5 बजे बल्लभ सुखाधाम से विशाल शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा में महिलाएं मंगल कलश लेकर चल रही थी। इस दौरान रंग भजन मंडली के सदस्यों ने ठाकुर जी के जन्मोत्सव पर मंगल भजन गाए। इस दौरान भगवान के विभिन्न स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा के दौरान नगर के स्थान-स्थान पर पूजन किया गया। जो कि , शोभापुर रोड तिराहे से मंगलवारा बाजार, मंगलवारा सुभाष चौक, दुर्गा मंदिर धार्मिक न्यास से पूजन कर आनंद बाग, से होते हुए शोभायात्रा सांड़िया रोड पर पहुंची यहां पर किट्टम किट्टू तिगड्डा जय माता दी समिति द्वारा भी शोभायात्रा का भव्य स्वागत सत्कार कर भक्तों एवं श्रद्धालुओं का मन जीता। जन मानस इस भव्य दृष्य को देखने के लिए उमड़ पड़ा। उत्साह देखते ही बनता था।



इस दौरान वैष्णव भक्तो में विशेष ही उत्साह था। जगह- जगह शहर में स्वागत द्वार बनाये ।लड्डू गोपाल का विशेष श्रृंगार किया गया। शहर के प्रमुख बड़ा मंदिर, बल्लभ सुखाधाम, रामजानकी मंदिर, रिपटा मंदिर में भगवान के प्रत्येक घरों में विशेष श्रृंगार व पूजन अर्चन कर माखन मिश्री, पंजरी आदि का भोग लगाकर भक्तों को प्रसादी बांटी गई, शोभायात्रा भ्रमण कर बल्लभ सुखधाम पहुंची जहां दर्शन आरती पूजन व प्रसादी के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ।

-छगन कुशवाहा




## भगवान लवकुश जन्मोत्सव मनाया

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** बनखेड़ी ग्राम मंहगवाँ में कुशवाहा समाज ने भगवान लवकुश जन्मोत्सव एवं सांसद सम्मान समारोह बड़े हर्ष के साथ मानाया गया । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हमारे आराध्य भगवान श्री लवकुश जी का जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया जिसमें आमंत्रित रहे । विशेष अतिथि नर्मदापुरम, नरसिंहपुर लोकसभा मा. सांसद दर्शन सिंह चौधरी माननीय सांसद भारत सिंह कुशवाहा माननीय भाजपा पि.वर्ग अध्यक्ष मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा मा. विधायक ठाकुरवास नागवंशी विशेष अतिथि मार्शल बमोरिया पिपरिया, नेतराम कुशवाहा गाडरवारा, प्रभात पटैल गाडरवारा बलराज पटेल कामतीन बरेली, गुरुदयाल कुशवाहा खैरा, मोहन हिनखीरिया जिला अध्यश नरसिंहपुर सुरेन्द्र कुशवाहा जिला अध्यक्ष रायसेन, मालिक कुशवाहा जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम, अनीता बाई-छोटेलाल बड़कुर पार्षद बनखेड़ी सम्मिलित रहे ।




## किसानों को गेहूं एवं मूंग का भुगतान किए जाने की कार्यवाही की जाए
## जिले में यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें - कलेक्टर



जनसंपर्क नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व संबंधितों को निर्देशित किया गया कि गेहूं एवं मूंग के भुगतान को समय सीमा में करें।

कलेक्टर ने सर्व संबंधितों को निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं एवं मूंग का भुगतान समय पर हो जाए, किसी कारणवश यदि असफल भुगतान हुआ है, तो उसे रिव्यू कर ठीक कराए। साथ ही गेहूं एवं मूंग अपग्रेडेशन का कार्य भी तेज गति से चलता रहे। समितियों की रिजेक्टेड मूंग को डीआरसीएस अपग्रेड करने की कार्यवाही करें जिससे की भुगतान प्रभावित न हो। उन्होंने मार्क फेड के बिल समय पर क्लियर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडीएस के माध्यम से राशन वितरण भी सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए भी निर्देशित किया।

कलेक्टर ने सर्व संबंधितों को कहा कि जब भी भ्रमण पर जाएं तो उपार्जन केन्द्र में आवश्यक व्यावस्थाओं को चौक करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने सर्व संबंधितों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण एवं जनसुनवाई में आए आवेदनों का निराकरण करें। उन्होंने ने कहा कि जिले में यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें।

बैठक में उप संचालक कृषि जेआर हेडाउ, जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति जैन सिंघई, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति मेघराज यादव, डीआरसीएस, डीएमओं मार्कफेड सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# प्रदेश में फिर खाद संकट

मध्यप्रदेश में किसान फिर से खाद संकट का शिकार हो रहे है। प्रदेश के तमाम खाद बिक्री केंद्रों पर किसानों की लंबी लंबी कतारें देखी जा सकती है। प्रदेश में खाद संकट कोई पहली बार नहीं हुआ है हर बार प्रदेश के किसान इस समस्या को झेलते है । तमाम परेशानियों का सामना करके जैसे तैसे खाद की आपूर्ति करते है कई किसानों को समय पर इसकी आपूर्ति नहीं भी हो पाती है। सरकार हर बार आश्वासन देती है कि अबकी बार ऐसी परेशानी नहीं होगी किसानों को समय पर खाद की आपूर्ति की जाएगी लेकिन हर बार फिर किसान उसी समस्या का सामना करते है और फिर सरकार वैसा ही खोखला आश्वासन देकर किसानों को शांत कर देती है। सरकार इस बात से अनभिज्ञ नहीं है कि किस वक्त किसानों को कितनी खाद की आपूर्ति की आवश्यकता होती है बावजूद इसके समय रहते इसकी भरपाई नहीं की जाती जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पडता है। सरकार वादें तो बड़े बड़े करती है कि किसानों की हर समस्या हमारी समस्या लेकिन जब समस्या आती है तो उसे उस तेजी से नहीं सुलझाया जाता जिस तेजी से आश्वासन दिए जाते है। आश्वासनों से समस्या नहीं सुलझती जनाब इसके लिए एक्शन लेना होता है जो सरकार रहते नहीं लेती । हर बार यदि वहीं समस्या सामने आती है इसका मतलब सरकार ने इसके लिए वाजिब योजना नहीं बनाई और ना ही सरकार समस्या हल करना चाहती है क्योंकि यदि इच्छाशक्ति हो तो फिर एक जैसी समस्या बार – बार नहीं दोहराई जा सकती कहीं ना कहीं समस्या हल करने का तरीका दीर्घकालीन नहीं बल्कि त्वरित होता है इसीलिए वहीं समस्या हर बार मुंह उठाएं खडी हो जाती है। एक बार फिर किसान खाद के लिए कतार में है और उनकी समस्या को अभी तक सुलझाया नहीं गया है।

## विद्यार्थियों के आधार अपडेशन के लिए विद्यालयों में लगेंगे शिविर

### 40 स्थानों पर शिविरों का होगा आयोजन

जनसंपर्क भोपाल।कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल जिले में विद्यार्थियों के आधार को व्यवस्थित तरीके से समय पर नामांकन/अपडेट विशेष रूप से 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक, मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए शासकीय विद्यालयों में आधार शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। भोपाल जिले में 2 सितंबर से 11 सितंबर तक 40 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी नजदीकी विद्यालयों के विद्यार्थियों की आधार अपडेट नामांकन की आवश्यकताओं की पूर्ति भी की जायेगी।


## दुकान व हाल किराये से देना है



1 ) हाल साइज 25X 50 बैंक , आफिस व माल हेतु

2 ) बेसमेन्ट साइज।
25X 50 बैंक आफिस व माल हेतु

3 ) दुकान साइज १०X१२

**नया स्थान–**

**सिद्धेश्वर काम्पलेक्स, पचमढ़ी रोड नाके के पास, पिपरिया**

**नोट – सिद्धेश्वर काम्पलेक्स में दुकानें व हॉल किराये पर देने के लिए उपलब्ध है . कृपया इस नम्बर पर सम्पर्क करें ।**

**मो.** 744888484


# कृषि विभाग की योजनाओ का लाभ लेने के लिए पंजीयन कराए ऑनलाईन पंजीकृत किसानो को ही मिलेगा कृषि विभाग की योजनाओ का लाभ

जनसंपर्क नर्मदापुरम । म.प्र. शासन कृषि विभाग की नई पहल के अनुसार किसानों को कृषि संबंधी हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत अनुदान / सहायता प्राप्त करने हेतु मध्यप्रदेश किसान पोर्टल **https:@@kisan-mp-gov-पद** पर या एम.पी. किसान एप पर पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। उल्लेखनीय है कि यह पोर्टल किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है, जिससे किसानो को कृषि विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने ने सुविधा होगी तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ सभी पात्र कृषक बंधु इन योजनाओं का लाम ले पाएंगे। और पात्र हितग्राहियो को वर्गानुसार अनुदान प्राप्त होगा।

पंजीयन

कृषि विभाग में संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने हेतु किसान स्वयं अपने मोबाईल में एम.पी. किसान एप को इन्स्टॉल कर या नजदीकी **CSC@**कियोस्क सेंटर पर जाकर वेबसाइट **https:@ @ kisan-mp-gov-**पद में दर्शित/पूछी गई जानकारी भरने उपरान्त कृषि योजना का चयन कर आवेदन कर सकते है। पंजीयन करते समय किसान भाई इस बात का विशेष ध्यान रखे कि जिन स्थान पर लाल रंग के स्टार बने हो उन जानकारियो को भरना अनिवार्य है तथा दस्तावेज अपलोड की जाने वाली फाइल का साइज **5MB** से अधिक नहीं होना चाहिए और जाति प्रमाण पत्र **JPEG@PNG@JPG** फाइल अपलोड की जा सकती है। आवेदक की श्रेणी अंतर्गत ड्रापडाउन में कृषि भूमि जोत के आधार पर 02 हेक्टेयर से कम कृषि भूमि वाले किसान–लघु किसान, 02 से 10 हेक्टेयर जमीन होने पर–मध्यम किसान, 10 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि होने पर बड़े किसान विकल्प का चयन करे।

आवश्यक दस्तावेज

आवेदन कर रहे कृषक का आधार कार्ड, भूमि से संबंधित जानकारी / दस्तावेज, समग्र आई.डी., आवेदक कृषक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का होने पर कृषक का जाति प्रमाण पत्र, कृषक की फोटो, ई–मेल आई.डी., किसान माई पंजीयन के दौरान **OTP** की जानकारी पृविष्ट करने हेतु आधार कार्ड से लिंक सकिय मोवाईल नंबर साथ रखे।

आज दिनॉक तक जिला नर्मदापुरम में कुल 54839 किसानों का पंजीयन हो गया है कृषि योजना में किसान पंजीयन के दौरान समस्या आने पर हेल्पलाइन नंबर 0755–2525803 (सुबह 09 बजे से शाम 06 बजे तक सक्रिय) पर सम्पर्क कर सकते है और अधिक जानकारी एवं योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी या निकटतम कृषि विभाग के कार्यालय से सम्पर्क करे।

# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खण्ड–ब के निर्मित अष्टकोण सह वॉच टावर का किया वर्चुअल लोकार्पण

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा



वर्चुअल माध्यम से नर्मदापुरम केन्द्रीय जेल खण्ड–ब में निर्मित अष्टकोण सह वॉच टावर का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर सहकारिता खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग, एवं सांसद श्री आलोक शर्मा भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थिति रहे। उल्लेखनीय है कि अष्टकोण सह वॉच टावर निर्माण की स्वीकृति जेल मुख्यालय द्वारा वर्ष 2019 में प्रदाय की गई थी एवं राशि–15.96 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति भी लोक निर्माण विभाग (पी. आई. यू.) को प्रदान की गई थी। लोकार्पण के अवसर पर जेल महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाऐ म. प्र. भोपाल श्री गोविन्द प्रताप सिंह एवं अतिरिक्त जेल महानिदेशक एवं सुधारात्मक सेवाऐं म. प्र. भोपाल जी अखेतो सेमा भी उपस्थित रहे।


## द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेंटर



डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां





ताजी लस्सी

मो. 9425310452



(पुड़ी सब्जी–गरमा गरम)

# कोई भी पात्र हितग्रही शासन की जनहितैषी योजनाओं से वंचित नहीं रहना चाहिये - कलेक्टर

## चिन्हित किए हुए जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें,

जनसंपर्क नर्मदापुरम । समस्त अधिकारी अपने-अपने अधीनस्थ विभागों में सार्थक ऐप के माध्यम से सभी अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित की नियमित रूप से समीक्षा करते रहे। चिन्हित किए हुए जर्जर भवन भी डिस्मेंटल किए जाएं अथवा उन्हें सील कर उन भवनों में किसी भी प्रकार की गतिविधि ना संचालित हो यह सुनिश्चित करें। सिकल सेल एनीमिया के लिए बच्चों की नियमित रूप से स्क्रीनिंग की जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा बैठक में सभी जिला अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिले में संचालित की जा रही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में की जा रही कार्यवाही, पौधारोपण अभियान, एवं अन्य प्रकरणों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के समस्त कार्यालय में सुशासन संबंधी दिशा निर्देशों के परिपालन में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जिला अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्यालय में सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थित दर्ज करने, कार्यालय में एक सहायता शाखा स्थापित करने तथा उसकी पंजी संधारण के लिए एवं कर्मचारियों को मासिक लक्ष्य प्रदाय कर उनके कार्य प्रदर्शन के आधार पर उनकी ग्रेडिंग किए जाने के लिए निर्देशित किया गया था। कलेक्टर द्वारा उक्त संबंध में कार्यालयों द्वारा कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं जिन कार्यालयों में अभी तक निर्देशों के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है उनको निर्देशित किया गाया है कि दो दिवसों में कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने बैठक के दौरान कुछ विभागों की सार्थक ऐप पर उपस्थित का डाटा भी देखा। उक्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों का उपस्थिति समय देखा एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति के संबंध में वास्तविक कारण अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कुछ कार्यालयो में अभी भी कुछ कर्मचारी निर्धारित कार्यालयीन समय पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं ऐसे कर्मचारियों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करें। कलेक्टर ने ऐसे विभागों जिनके द्वारा कर्मचारियों की सार्थक ऐप पर ऑन बोर्डिंग अभी तक नहीं की गई है उन विभागों को एवं विशेष कर जिन विभागों के कर्मचारी फील्ड पर कार्यरत रहते हैं जैसे पी एच ई, कृषि आदि विभागों को जिला ई गवर्नेंस से संपर्क कर ऑन बोर्डिंग प्रक्रिया आज शाम तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया है।

कलेक्टर ने खसरा लिंकिंग, समग्र ई केवाईसी, पेंशन ई केवाईसी आदि कार्यों में प्रदर्शन के लिए असंतोष व्यक्त करते हुए समस्त सीएमओ एवं सीईओ को निर्देश दिए हैं कि एक सप्ताह के अंदर लंबित प्रकरणों में निराकरण करते हुए कार्रवाई करें तथा आवश्यकता पड़ने पर शिविर लगाकर उक्त कार्यवाही करें। पंचायत वार एवं वार्ड वार डोर टू डोर अभियान चला कर भी पेंशन एवं समग्र ई केवाईसी के लंबित प्रकरण निराकृत करें जिससे कोई भी पात्र हितग्राही शासन की जनहितेशी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उक्त कार्य में शत प्रतिशत वेरिफिकेशन होना अनिवार्य है जिससे की वास्तविक हितग्राहियों को ही शासन की योजनाओं का लाभ अर्जित हो।

बैठक में कलेक्टर द्वारा पूर्व में शासन द्वारा निर्देशित जर्जर भवनों के डिस्मेंटल किए जाने के संबंध में जारी निर्देशों के परिपालन में की गई कार्यवाही की भी समीक्षा की। उन्होंने डीपीसी, समस्त सीएमओ,सीईओ आदि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ऐसे भवनों को डिस्मेंटल किया गया है कि नहीं इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं अगर ऐसे भवनों को डिस्मेंटल किया जा चुका है तो उन्हें सत्यापित कर एक प्रमाण पत्र भी जारी करें। कोई जर्जर भवन यदि डिस्मेंटल नहीं किए गए हैं तो इसकी विस्तृत रिपोर्ट एक दिवस में प्रस्तुत करें कि क्यों उन भवनों को गिराया नही गया या सील बंद नहीं किया गया।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की भी समीक्षा की। कलेक्टर सुश्री मीना ने सीएमएचओ द्वारा स्टॉप डायरिया मलेरिया सिकल सेल एनीमिया आदि के संबंध में की जा रही कार्यवाही तथा बच्चो में हीमोग्लोबिन की कमी, सैम श्रेणी, मैम श्रेणी, जन्म से ही किसी समस्या या बीमारी से ग्रसित बच्चों के संबंध में प्रस्तुत आंकड़ों पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्हें डाटा अपडेट करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक भी आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सीएमएचओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए हैं कि सिकल सेल एनीमिया की सतत रूप से स्क्रीनिंग की जाए। स्कूल शिक्षा विभाग, ट्राइबल, हायर एजुकेशन, आदि के साथ समन्वय कर बच्चों की स्क्रीनिंग करें। आवश्यकता पड़ने पर शिविर भी लगाए जाएं तथा स्क्रीनिंग की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में कलेक्टर ने डीआरसीसीएस को भुगतान के लिए लंबित ई पी ओ के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किए जानें, तथा जारी किए हुए एवं साइन किए हुए ई पी ओ के लिए भुगतान किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा है की निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपग्रेडेशन कार्य में भी गति लाए।

कलेक्टर द्वारा निराश्रित गौ वंश के संबंध में की जा रही कार्यवाहियों की भी समीक्षा की। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस कार्य में और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। सड़कों एवं राजमार्गों पर पाए जा रहे निराश्रित गौवंश के लिए गौशालाओं के अतिरिक्त अन्य आश्रय स्थलों को भी तैयार किया जाए तथा उन स्थानों पर पशुओं के लिए भूसे, चारे, पानी आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम जनपद सीईओ एवं सीएमओ को निर्देशित किया है कि वे सभी नेशनल हाईवे पर भी सतत रूप से आकस्मिक निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा है कि संभागायुक्त द्वारा भी इटारसी केसला बैतूल मार्ग पर निराश्रित पशुओं की समस्या के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। अतः उक्त संबंध में सर्व संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सड़कों पर निराश्रित गौवंश ना पाए जाएं।

कलेक्टर ने सहायक आयुक्त ट्राइबल द्वारा छात्रावासओं के निरीक्षण के पश्चात की जा रही कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि उक्त दिशा में तत्परता से कार्य नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को ग्राम वनाधिकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किए गए दावो की रिपोर्ट शाम तक उनके सम्मुख प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के रिट याचिका तथा अवमानना के लंबित प्रकरणों में भी समय पर दावा जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने एसडीएम इटारसी, एसडीएम पिपरिया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सोहागपुर आदि को समय सीमा के भीतर दावा जवाब प्रस्तुत किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उक्त विषय के संबंध में समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि यदि अवमानना/रिट याचिका के प्रकरणों में दावा जवाब प्रस्तुत किया जा चुका है तो प्रकरण की रिपोर्ट जिला कार्यालय में संबंधित शाखा के अधिकारी को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों के निर्देशित किया है कि शासकीय प्रक्रिया में मौखिक रूप से कोई भी कार्य न किया जाए। किसी भी कार्य के लिए निर्धारित नियम अनुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यक कार्यवही एवं पत्राचार किया जाए। शासकीय बैठक में भी किसी भी प्रकार की रिपोर्ट लिखित रूप से स्पष्ट जानकारी के साथ प्रस्तुत की जाए।

कलेक्टर जिले में संचालित वृक्षारोपण अभियान की विस्तृत रूप से समीक्षा की उन्होंने समस्त विभागों को निर्देशित किया है कि जो भी विभाग निर्धारित वृक्षारोपण लक्ष्य पूर्ति में पीछे हैं वे सभी विभाग अपने कार्य में गति लाए एवं वायुदूत एप पर जानकारी भी अपलोड करें। बैठक में सुश्री मीना ने शिक्षावृत्ति के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालनार्थ समस्त जानपद सीईओ, सीएमओ, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि को निर्देशित किया है कि उक्त संबंध में जिले के विभिन्न मंदिरों, होटल, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर सर्वे करें एवं 10 दिवसों में रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें साथ ही ऐसे व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए कार्ययोजना भी तैयार करें। उन्होंने विजन डॉक्युमेंट के संबंध में विभागों द्वारा तैयार की गई जानकारी की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने एडीएम डी के सिंह को निर्देशित किया है कि तीर्थ दर्शन योजना के संबंध में शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में कलेक्टर द्वारा औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए, फूड प्रोसेसिंग एवं फूड पार्क के लिए चिन्हित की गई भूमियों पर एमपीआईडीसी द्वारा की गई कार्यवाही की भी विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने मोरंड गंजाल नदी प्रोजेक्ट की कार्यप्रगति की समीक्षा कर एसडीएम सिवनी मालवा को प्रोजेक्ट के लिए चिन्हांकित की गई भूमि, कार्यवाही के लिए उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए की स्थानीय स्तर पर पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार की जाए तथा उन स्थलों को विकसित करने के लिए की जा रही है कार्यवाही के संबंध में भी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों में सी एवं डी ग्रेडिंग प्राप्त विभागों को प्रकरणों के निराकरण में आवश्यक कार्रवाई की जाने के लिए लोक सेवा प्रबंधक को संबंधित विभाग प्रमुखों को पत्र जारी कर ग्रेडिंग सुधार किए जानें के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि एसपीएम, बीएसएनएल, तवा आदि विभागों के खाली पड़े हुए आवासों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने जनसुनवाई, समय सीमा आदि के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस एस रावत, एडीएम डी के सिंह, डिप्टी कलेक्टर बबीता राठौड़ सहित अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।


किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक

डॉ. सुयश शर्मा
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो

डॉ.विभा शर्मा
MBBS,MD,FIPM


मिलने का समय-
प्रातः 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक

मिलने का समय-
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट - आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें)
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएँ-डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें -सुबह 10 बजे से
मो. 9546171019




पता समझने के लिए QR स्केन करें
Kiran Fracture & Pain Clinic

स्थान-अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया

## पर्यटन स्थल पचमढ़ी के होटल हाइलैंड में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्य प्रदेश राज्य के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में वर्षा ऋतु में अपने पूरे शबाब पर है, पचमढ़ी में चारों तरफ हरियाली के विहंगम दृश्य नजर आ रहे हैं। पूर्ण प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मध्य प्रदेश पर्यटन की इकाई होटल हाइलैंड में प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश पर्यटन के निर्देशानुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर अपने यहां पधारे अतिथियों के मनोरंजन हेतु इकाई में कृष्ण जन्मोत्सव व मटकी फोड़ के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही विविध सांस्कृतिक व पारंपरिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर इकाई में गुजरात से पधारे अतिथियों को सुखद अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से निगम की इकाई में जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें म्यूजिक, मटकी फोड़, अद्भुत झांकियां एवं लजीज व्यंजन परोसे गए।

होटल हाइलैंड में कृष्ण–बलराम की अद्भुत झांकी सजाई गई साथ ही दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वहां ठहरे अतिथियों द्वारा भाग लिया गया व बच्चे– बुजुर्ग सभी ने दही हांडी फोड़ने में अपने हाथ आजमाए। कुछ अतिथियों द्वारा सफलतापूर्वक मटकी फोड़ी गई,जिस हेतु उन्हें इकाई द्वारा पुरस्कार भी वितरित किए गए। राजकोट से आए मनीष भाई मेहता द्वारा उक्त आयोजन की बेहद प्रशंसा की गई व उनके द्वारा बताया गया कि इकाई प्रबंधन द्वारा किया गया आयोजन हमारी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छा रहा। हमारे समस्त ग्रुप द्वारा जन्मोत्सव को बड़े हर्ष के साथ मनाया। उनके द्वारा इकाई में प्राप्त उच्च स्तरीय सर्विस, स्वादिष्ट भोजन, उत्तम साफ सफाई व्यवस्था, एवं प्रेम पूर्वक व्यवहार हेतु इकाई कर्मचारियों की प्रशंसा की गई एवं समस्त ग्रुप द्वारा इकाई के कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया।क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ए यू खान द्वारा बताया गया पचमढ़ी स्थित निगम की सभी इकाइयों में अतिथियों को सुखद अनुभव देने हेतु कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया है। श्री खान द्वारा दही हांडी में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किए, साथ ही निगम की ओर से स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। उनके द्वारा बताया गया कि भविष्य में भी मध्य प्रदेश पर्यटन इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है और निरंतर यूं ही आगे भी करता रहेगा।

क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ए यू खान द्वारा इकाई प्रबंधक अनिल राय, शलभ गौतम, जिनेन्द्र सिंह व होटल हाइलैंड के समस्त कर्मचारियों कोई जन्मोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी। कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद से पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर चंपक बांग्ला प्रबंधक एच. एस. दंडोतिया,ग्लेनव्यू प्रबंधक नितिन कटारे, होटल अमलतास प्रबंधक आशीष गुप्ता ने अपना मार्गदर्शन व सहयोग प्रदान किया।

## जिले में विभिन्न तिथियों को कैम्प आयोजित कर बनाए जाएंगे विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस

जनसंपर्क नर्मदापुरम क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती निशा चौहान से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में शासकीय कॉलेजों में अलग–अलग तिथियों में कैंप आयोजित कर विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शासकीय गर्ल्स कॉलेज इटारसी में 28 अगस्त एवं 29 अगस्त को तथा शासकीय होम साइंस कॉलेज नर्मदापुरम में 6 नवंबर को कैंप का आयोजन कर विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। इसी अनुक्रम में शासकीय एनएमवी कॉलेज नर्मदापुरम में 18 दिसंबर 2024 को, शासकीय लॉ कॉलेज नर्मदापुरम में 4 अक्टूबर को, शासकीय एमजीएम कॉलेज इटारसी में 27 अक्टूबर को, शासकीय पीजी कॉलेज पिपरिया में 4 एवं 11 सितंबर को, शासकीय गर्ल्स कॉलेज पिपरिया में 11 सितंबर एवं 9 अक्टूबर को, शासकीय कॉलेज माखननगर में 25 सितंबर एवं 23 अक्टूबर को, शासकीय कॉलेज पचमढ़ी में 25 अक्टूबर को, शासकीय कुसुम महाविद्यालय सिवनी मालवा में 18 सितंबर एवं 16 अक्टूबर को, शासकीय गर्ल्स कॉलेज सिवनी मालवा में 13 नवंबर एवं 27 दिसंबर को, शासकीय कॉलेज बनखेड़ी में 27 नवंबर एवं 4 दिसंबर को, शासकीय गर्ल्स कॉलेज सुखतवा में 13 नवंबर एवं 20 नवंबर को तथा शासकी गर्ल्स कॉलेज डोलरिया में 06 दिसम्बर को कैंप आयोजित कर विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। कैंप द्वारा अनुमानित 29500 से ज्यादा विद्यार्थियों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए जाने के लिए इच्छुक विद्यार्थी अपने संबंधित महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग से गौशालाओं एवं अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किए जा रहे निराश्रित गौवंश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । राष्ट्रीय राजमार्ग 46 पर इटारसी और बुदनी के मध्य 43 किलोमीटर लंबे राज्यमार्ग में निराश्रित गौवंश को समीपस्थ गौशाला एवं अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है की शासन द्वारा उक्त संबंध में निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों तथा अन्य सड़कों एवं राजमार्गों पर आवारा एवं निराश्रित पशुओं को हटाया जाए। इसी अनुक्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, नर्मदापुरम द्वारा उक्त समस्या को हल करने के लिए तथा राजमार्ग पर सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुनिश्चित करने की दृष्टि से विभाग द्वारा 8 कर्मियों की एक टीम और निराश्रित तथा आवारा पशुओं को स्थानांतरित करने के लिए वाहन की तैनाती की गई है। विभाग द्वारा उपलब्ध की गई जानकारी अनुसार घायल एवं मृत मवेशियों के लिए भी एक विशेष वाहन आवंटित किया गया है। उक्त समस्या को हल करने के लिए विभाग द्वारा अब तक 600 से अधिक मवेशियों को बरखेड़ा के समीप जंगल में स्थानांतरित किया जा चुका है तथा प्रतिदिन 80 से 120 मवेशियों को समीपस्थ जंगलों में स्थानांतरित किया जा रहा है। विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि गत दिवस कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एवं अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय कर मवेशियों को राजमार्ग से समीपस्थ ग्रामों की गौशालाओं में भी स्थानांतरित किया जा रहा है जिसके लिए प्रथक से एक टीम तैयार की गई है।

## श्रमोदय आदर्श आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जनसम्पर्क नरसिंहपुर** ।मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बालकों व बालिकाओं के लिए श्रमोदय आदर्श आईटीआई में वर्ष 2024– 25 के लिए 8 ट्रेडों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। यह प्रवेश प्रक्रिया DSC पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। यह जानकारी श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।


नित नई फैशन खुल गई ! खुल गई !! खुल गई !!!

बिना झिझक के खरीदे



**बिना झिझक के खरीदें -सिर्फ महिलाओं के लिए महिलाओं द्वारा**

आपके अपने पिपरिया शहर में महिलाओं द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए महिला अंग वस्त्रों की सम्पूर्ण रेंज उपलब्ध हमारे यहां सभी प्रकार की फैंसी ब्रा, पेरिस ब्यूटी, टी नजर, शायोनारा, 16 प्लस, लबेबल, ड्क्सी, सिम्पलैक्स और भी कम्पनियों के - बेडिंग स्पेशल दुल्हनों के शापी का शानदार सम्पूर्ण पैकेज वार्डल ब्रा पेटी सेट, बडिल, गाऊन सेट, दुल्हन, गाऊन और भी बहुत कुछ दुल्हनों के लिए।

हमारे यहां जीन्स, टॉप, टी-शर्ट, स्टाल, लोअर, लेगी, सूट सेट, पिलाजो, नाईट गाऊन, गाऊन ए-1 गाऊन, कुर्ते, जेकिट

**परम्परा कलेक्शन**

दुकान नं. 6 जय प्रकाश शापिंग काम्पलेक्स, पिपरिया

मो. 8109570880, 9893570880



**Prime Motivation Institute**

एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......

प्रवेश प्रारंभ

Spoken English & Advance Effective English

Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT

Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida

उपलब्ध सुविधाए

1. CCTV कैमरे से निगरानी 2. A.C. Classrooms & LAB 3. लाइब्रेरी 4. Printed Notes 5. Digital Classrooms 6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी 7. वीकली टेस्ट 8. Job Counselling 9. Consultancy

Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya

Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595



**भारत स्टेशनरी**

जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल –9406561805

कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता

कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है।

फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है।

# कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

## जनसुनवाई में 88 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

जनसंपर्क नर्मदापुरम । आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार 27 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आम जन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आते हैं। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनसुनवाई में कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए।

साथ नर्मदापुरम जिले की चारों तहसीलों में भी तहसील स्तरीय जनसुनवाई भी आयोजित की गई। तहसील स्तरीय जनसुनवाई में सिवनीमालवा में 16, डोलरिया में 03, माखन नगर में 01 एवं बनखेड़ी 13 में आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण किया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में श्रीमती ओमवती बाई निवासी ग्राम पांडरी ऑडिनेस फेक्ट्री इटारसी ने इन्द्र आवास लोन को समाप्त करने के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार अशोक कुमार ने अपनी प्लाट पर किसी ओर के द्वारा अवैध निर्माण किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम पंचायत रानीपुर के सरपंच ने पंचायत सचिव के अस्वस्थ होने पर उनके स्थान पर किसी अन्य को पंचायत सचिव का अस्थाई रूप से प्रभार देने के लिए आवेदन किया गया।

जनसुनवाई में नर्मदापुरम के ग्राम मालाखेडी के कृषकगणों ने खेत से पानी निकासी के लिए उपयोग होने वाले नाले के अवरोध को दूर करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम धपाडाकला तहसील सोहागपुर की श्रीमती सीता रघुवंशी द्वारा कृषि भूमि का मौका अनुसार नक्शा कम्प्यूटर रिकार्ड में एवं राजस्ध्व रिकार्ड में बटांकन करने के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। तहसील सोहागपुर के बरवानी टोला निवासियों द्वारा शोभापुर–सोहागपुर मेन रोड से बरवानी टोला की रोड बनवाने हेतु आवेदन दिया गया। तहसील डोलरिया के ग्राम कजलास के निवासी सभी प्रार्थीगण प्रभुदयाल पिता जगदीश प्रसाद, आदित्य पिता विजय कुमार तथा सुनील कुमार पिता मिठूलाल तथा श्रीमती विद्या बाई पत्नि हीरालाल ने कृषि भूमि का नक्शा की त्रुटि को सुधार कर विकय पत्र के आधार पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने के लिए आवेदन दिया।

इसी तरह से अनेक लोगों ने जनसुनवाई में अपने आवेदन देकर समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का अद्यतन अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए।



कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete




मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध




ब्लॉक साइज -
लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ☞ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- ☞समृद्धि प्लास्टिक्स
- ☞पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- ☞LED लाईट्स
- ☞कंस्ट्रक्शन केमिकल
- ☞सुप्रीमो पानी की टंकिया
- ☞RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- ☞LED लाईट्स
- ☞समस्त हार्डवेयर
- ☞CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें

गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर- आनंदा गट्टानी


# संभागायुक्त ने विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया, बनखेड़ी एवं पिपरिया के तहसीलदार कोर्ट के प्रकरणों की समीक्षा की

## स्कूल में प्राचार्य एवं शिक्षकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की बनखेड़ी एवं पिपरिया में राजस्व की सभी शाखाओं का निरीक्षण कर राजस्व कार्य में गति लाने के दिये निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।नर्मदापुरम संभागायुक्त श्री के जी तिवारी ने अपने बनखेडी एवं पिपरिया भ्रमण के दौरान सेमरी हरचंद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ग्राम करनपुर के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। संभागायुक्ध्त ने बनखेडी एवं पिपरिया के औचक निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कोर्ट का भी निरीक्षण किया। संभागायुक्त शासकीय उच्च0 मा0 वि0 सेमरी हरचंद में प्रातः 10.30 बजे पहुंचे। निरीक्षण के दौरान विद्यायल की प्राचार्य निर्धारित समय तक विद्यालय में उपस्थित नहीं हुई थी। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति भी अत्यंत कम पाई गई जिस पर संभागायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थिति में सुधार करनें के सख्त निर्देश दिये। संभागायुक्त ने विद्यालय के निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यालय की छत अच्छी स्थिति में न होनें से बारिश का पानी टपकता है तथा खाली परिसर में पानी भर जाता है। संभागायुक्त ने स्कूल शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी को छत की मरम्मत करने के निर्देश दिये। संभागायुक्त ने निरीक्षण के दौरान पाया कि विद्यायल के कक्षो की साफ सफाई भी पर्याप्त रूप से नहीं की जा रही है। मौके पर उपस्थित स्टाफ द्वारा बताया गया कि अन्य स्टाफ भी विलंब से ही आता है। संभागायुक्त नें संबंधित अधिकारी को अविलंब उपस्थिति सुधारनें के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्ध्त श्री तिवारी ने उपस्थित बच्चों को उनकी शैक्षिणिक गतिविधि के लिए मोटीवेट किया और उन्हें पढ़ लिख कर एक अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। स्ध्कूली बच्चो ने अपने मन की जिज्ञासा से संभागायुक्त को अवगत कराया।

इसके पश्ध्चात संभागायुक्त श्री तिवारी मा0 एवं प्राथमिक शाला करणपुर पहुंचे। माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधान पाठक सहित कुल तीन शिक्षक एवं 06 बच्चे उपस्थित पाये गए जबकि माध्यमिक शाला में 24 बच्चे दर्ज हैं। वहीं प्राध्थमिक शाला में 01 शिक्षक एवं 17 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये जबकि शाला में 35 विद्यार्थी दर्ज हैं। संभागायुक्त ने रेण्डम आधार पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता एवं कार्यकुशलता चौक की। कक्षा 02 के विद्यार्थी हिंदी पढ़ने में असमर्थ थे। कक्षा 04 के विद्यार्थी मुश्किल से हिंदी पढ़ पा रहे थे। जिस पर संभागायुक्त ने शिक्षकों को हिदायत दी कि वे विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को सुधारे। विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर शिक्षको ने अपने तर्क दिये जिस पर संभागायुक्त ने असहमति व्यक्त करते हुए शिक्षकों को हिदायत दी कि वे विद्यार्थियों क लिखने एवं पढने की क्षमता को विकसित करे। संभागायुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों की दर्ज संख्या एवं उपस्थिति अनुसार कार्य विभाजन कर शिक्षक पूर्ण निष्टा के साथ शैक्षणिक कार्य करे। संभागायुक्त ने प्रधान पाठक को तत्काल सुधार के लिए आवश्यक कार्यवाही करनें के निर्देश दिये।

संभागायुक्त ने तत्पश्ध्चात बनखोडी के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कोर्ट का औचक निरीक्षण किया संभागायुक्त ने राजस्व प्रक्रिया के अनुसार नामांतरण, बंटवारा, नक्शा तरमीम, राजस्व अभिलेख के दुरुस्तीकरण का निरीक्षण किया और राजस्व महाअभियान 2.0 के अंतर्गत अब तक हुई प्रगति का अवलोकन किया। संभागायुक्त ने राजस्व प्रकरण में हुए आदेश एवं निरस्त हुए आदेशो का अवलोकन किया। सभी शाखाओं में जाकर जांच की मौके पर मौजूद 30 से अधिक पटवारियों को नक्शा तरमीम के प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिये। संभागायुक्त ने ऑनलाइन रीडर एवं पीओ आई डी की जांच की। जो लंबित केस प्रदर्शित हो रहे थे, उसे ठीक करनें के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय परिसर में और अधिक साफ सफाई करने के निर्देश दिये। इस दौरान तहसीलदार दिव्यांशु नामदेव, नायब तहसीलदार आर.एस. मरावी प्रवाचक अमर पाराशर एवं रवि मंगेर उपस्थित थे।

संभागायुक्त ने पिपरिया पहुंच कर तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण किया। उन्होने राजस्व महाअभियान 2.0 में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के मिलान करनें के निर्देश दिये तथा राजस्व अभिलेख में तत्काल सुधार करने एवं नक्शा तरमीम का कार्य त्रुटीरहित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पिपरिया ब्रजेन्द्र रावत उपस्थित थे।

# मकीपॉक्स बीमारी से बचने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी किए निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मकीपॉक्स MPoÛ बीमारी का Epicentre वर्तमान में अफीका के देशों में है। यद्यपि इस बीमारी का प्रथम प्रकरण भारत में दिनांक 14 जुलाई 2022 को केरल में पाया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिनांक 14 अगस्त 2024 को मंकीपॉक्स बीमारी को Public Health Emergency of International Concern (PHEIC) घोषित किया गया है। इसी परिपेक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार ने मकीपॉक्स बीमारी से बचने की सलाह देते हुए इसके लक्षणों के बारे में लोगो को जागरूक रहने की अपील की है। डॉ देहलवार ने बताया कि मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोटिक बीमारी है जो मुख्य रूप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के उष्ण कटिबंधीय वर्षा वन क्षेत्रों में पायी जाती है। मकीपॉक्स से संक्रमित रोगी को सामान्यतः बुखार, रेश और लिम्फ नोड्स में सूजन पाई जाती है। कुछ रोगियों में चिकित्सकीय जटिलताएँ (Clinical complications) हो सकती है। मंकीपॉक्स एक स्व–सीमित (मस–सपउपजमक) संक्रमण है जिसके लक्षण सामान्यतः 2–4 सप्ताह में समाप्त हो जाते हैं। गंभीर प्रकरणों में मृत्यु दर 1–10 प्रतिशत है। मकीपॉक्स वायरस पशुओं से मनुष्य में और मनुष्य से मनुष्य में भी फैल सकता है। उक्त वायरस कटी–फटी त्वचा, त्मेचपतंजवतल जतंबज वत उनबवने उमउइतंदम (आख, नाक या मुंह के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है। संक्रमित पशु/वन्यपशु से मानव में वायरस का संचरण काटने, खरोंचने, शरीर के तरल पदार्थ एवं घाव से सीधे अथवा अप्रत्यक्ष संपर्क (जैसे दूषित बिस्तर (contaminated bedding) के माध्यम से हो सकता है। मनुष्य से मनुष्य में संक्रमण / संचरण मुख्य रूप से large respiratory droplet के माध्यम से सामान्यतः पर लंबे समय तक निकट संपर्क से होता है। वायरस शरीर के तरल पदार्थ एवं घाव के सीधे संपर्क के माध्यम से और घाव के साथ अप्रत्यक संपर्क के माध्यम से भी प्रसारित हो सकता है। जैसे संक्रमित व्यक्ति के दूषित कपड़ों या लिनेन के माध्यम से। मंकीपॉक्स के लक्षण स्मॉलपॉक्स जैसे होते है। ऑर्थोपॉक्स वायरस से फैलने वाले स्मॉलपॉक्स संक्रमण 1980 में दुनिया भर में समाप्त घोषित कर दिया गया था। मंकीपॉक्स स्मॉलपॉक्स क तुलना में कम गंभीर व कम संक्रामक बीमारी है। मंकीपॉक्स का Incubation period आमतौर पर 7–14 दिनों का होता है, लेकिन यह 5–21 दिन तक हो सकता है और इस अवधि के दौरान व्यक्ति आमतौर पर संक्रामक नहीं होता है। संक्रमित व्यक्ति के चकत्ते दिखने से 1–2 दिन पहले तक रोग फैला सकता है। सभी चकत्तों से पपड़ी गिर न जाए रोगी तब तक संक्रामक बना रह सकता है।

डॉ देहलवार ने बताया कि मंकीपॉक्स के संबंध में राज्य द्वारा जारी दिशा निर्देश जिले की सभी स्वास्थ्य संस्था को उक्त दिशा निर्देश को कढाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया जा चुका है। एवं सामान्य जनों से तत्संबंध में विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है।

# रोजगार मेले में हुआ 478 आवेदकों का चयन

जनसंपर्क नर्मदापुरम । निजी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा आज शासकीय नर्मदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि मेले के लिए 1073 आवेदकों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन किया गया। मेले में 262 युवकों एवं 216 युवतियों का इस प्रकार कुल 478 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया। मेले में नाहर (मंडीदीप), स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, ट्राइडेंट (बजीर), सक्सेस स्टेयर्स (भोपाल), लर्निंग स्क्वाड (भोपाल), आई. जी.टी प्रोफाइल, भारतीय जीवन बीमा, एच.डी.एफ.सी. लाइफ इंश्योरेंस, एक्सि बैंक, आई.सी.आई.सी.आई. बैक, नवकिसान बायोटेक, वक्रतुण्ड एसोसिएट, एस.बी.आई. लाईफ इंश्योरेंस, प्रथम एजुकेशन भोपाल, दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना, एम.आई.सी., डियर लाईफ इम्पावर इंडिया, नव भारत फर्टिलाइजर, एन.आई. आई.टी. भोपाल, कन्सल्टिंग एण्ड डिज़ाइन, वर्व, ग्रामीण हॉट आदि कंपनियां शामिल हुए। मेले के आयोजन में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कैलाश माल, जिला रोजगार अधिकारी डॉ ए.बी खान एवं धर्मेश तिवारी द्वारा अहम भूमिका निभाई गई।

# गीतोपनिषद



अब श्री भगवान तृतीय अध्याय का आरंभ करते हैं -इस अध्याय में मनुष्य को अपने-अपने वर्ण, आश्रम के लिये विहित कर्म किस प्रकार करने चाहिये, क्यों करने चाहिये, उनके न करने से क्या हानि हैं, करने में क्या लाभ है, कौन से कर्मबन्धन कारक है , कौन से मुक्ति में सहायक है , इत्यादि बातें भली भाँति समझायी गयी हैं ।

इस अध्याय में कर्मयोग का विषय विस्तारपूर्वक वर्णित है, इसलिये इस अध्याय का नाम ''कर्मयोग'' रखा गया है ।

पूर्व प्रसंग को सुनकर अर्जुन उसका यथार्थ अभिप्राय निश्चित नहीं कर सके । ''बुद्धि'' शब्द का अर्थ ''ज्ञान'' मान लेने से उन्हें भ्रम हो गया । भगवान् के वचनों में ''कर्म'' की अपेक्षा ''ज्ञान'' की प्रशंसा प्रतीत होने लगी । अतः अपने लिये निश्चित श्रेयः साधन जाने की ईच्छा से अर्जुन पूछते हैं -

**अर्जुन उवाच**

ज्यायसी चेत्कर्मणस्ते मता बुद्धि र्जनार्दन।
तत्किं कर्मणि घोरे मां नियोजयसि केशव ।।1।।

अर्जुन बोले - हे जनार्दन ! यदि आपको कर्म की अपेक्षा ज्ञान श्रेष्ठ मान्य है तो फिर हे केशव ! मुझे भयकंर कर्म में क्यों लगाते हैं ? ।।1।।

सर्वेः जनैः अर्धते याच्यते स्वाभिलषित सिद्धये इति 'जनार्दन'' इस व्युत्पत्ति के अनुसार सब लोग जिनसे अपने मनोरथ सिद्धि के लिये याचना करते हैं, उनका नाम 'जनार्दन' होता है, तथा 'क'-ब्रह्मा, 'अ'-विष्णु, 'ईश'-महेश ये तीनों जिनके 'व'-वपु अर्थात् स्वरूप हैं, उनको 'केशव' कहते हैं ।

व्यामिश्रेणेव वाक्येन बुद्धिं मोहयसीव में ।
तदेकं वद निश्चित्य येन श्रेयोऽहमाप्नुयाम् ।।2।।

आप मिले हुए से वचनों से मेरी बुद्धि को मानो मोहित कर रहे हैं । इसलिए उस एक बात को निश्चित करके कहिये जिससे मैं कल्याण को प्राप्त हो जाऊं ।।2।।

जिन वचनों में कोई साधन निश्चित करके स्पष्ट रूप से नहीं बतलाया गया हो , जिनमें कई तरह की बातों का सम्मिश्रण हो, उनका नाम 'व्यामिश्र' मिले (जुले) हुए वचन है। ऐसे वचनों से श्रोता की बुद्धि किसी एक निश्चय पर न पहुंचकर मोहित हो जाती है ।

**मनोज कुमार पांडेय (संस्कृताध्यापक)**
शास. कन्या उ.मा. वि. पिपरिया
मो. 9926437890

विद्यार्थियों के आधार अपडेशन के लिए विद्यालयों में लगेंगे शिविर

# 40 स्थानों पर शिविरों का होगा आयोजन

जनसंपर्क भोपाल। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल जिले में विद्यार्थियों के आधार को व्यवस्थित तरीके से समय पर नामांकन/अपडेट विशेष रूप से 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक, मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए शासकीय विद्यालयों में आधार शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। भोपाल जिले में 2 सितंबर से 11 सितंबर तक 40 स्थानों पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सभी नजदीकी विद्यालयों के विद्यार्थियों की आधार अपडेट नामांकन की आवश्यकताओं की पूर्ति भी की जायेगी।

# कलेक्टर ने निराश्रित पशुओं के रखरखाव के दिए निर्देश

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत, सभी नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि वे निराश्रित पशुओं के संबंध में संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। पर्याप्त चारा भूसा, पानी और साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था रखें। स्थायी अस्थायी गौशालों में चौकीदारों की व्यवस्था हो और उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से संपर्क कर चिकित्सीय जाँच ज़रूर करायें।

जन्माष्टमी के अवसर पर गौशालाओ में विशेष साज सज्जा कर जनप्रतिनिधियों, स्थानीय संगठनों/ लोगों, बच्चों इत्यादि को जोड़कर "गौ रक्षा दिवस" कार्यक्रम आयोजित करें।

**मे. शुभम् ट्रेडर्स**

**क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है , समस्या आपकी, समाधान हमारा**

**कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम**

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामे ना सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3" से 12" साइजों में उपलब्ध ✻ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

**दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।**

**निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326**

# वन्य–प्राणियों का शिकार बंदूक से करने वाले राजा शरीफ की जमानत याचिका खारिज

जनसंपर्क भोपाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य–प्राणी) ने बताया है कि स्टेट टाइगर फोर्स द्वारा प्रकरण में की गई सटीक विवेचना के आधार पर प्रकरण में शामिल मुख्य आरोपी राजा शरीफ की जमानत याचिका सत्र न्यायालय जबलपुर से 24 अगस्त को खारिज की गई। प्रकरण में विवेचना जारी है। उल्लेखनीय है कि स्टेट टाइगर फोर्स मध्यप्रदेश एवं पुलिस उपायुक्त नागपुर शहर के अपराध अंतर्गत दर्ज प्रकरण की विवेचना में मुख्य आरोपी राजा शरीफ नागपुर के पास से जब्त मोबाइल में सिवनी–बरघाट मध्यप्रदेश के जंगल में वन्य–प्राणी सांभर, चीतल एवं नीलगाय का बंदूक से रात्रि के समय उनके प्राकृतिक आवास में अवैध प्रवेश कर शिकार कर फोटो–वीडियो बनाये गये थे। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को नागपुर एवं 3 आरोपी को सिवनी जिले से 3 अगस्त को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया था।


विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता


न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-होशंगाबाद (म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय
श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया
❊पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील
❊ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श
❊ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण
* पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए
औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक
यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।
ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।

AYUSHI MUSIC ACADEMY
No Age Limit Contact-Mob. 968598919, 7773097251
INDIAN CLASSICAL | SINGING CLASSICAL
SEMI CLASSICAL | BHAJAN
BOLLYWOOD ETC | DANCE CLASS
Sangeet Shikshak -

Ayushi Purohit ( M.A Music)

Aakash Sir ( B.A Music)
Affiliated to Prayag Sangeet Sansthaan Allahabad
Instrument Classes-Harmonium-Tabla-Dholak-Guitar-Keyboard-etc
Pachmarhi Road Above Parmgeeta Lodge Pipariya (M.P.)


# कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों ने किसानों को बताये खरीफ फसलों में रोग, कीट सर्वेक्षण एवं नियंत्रण के उपाय

**जनसम्पर्क नरसिंहपुर ।**जिले के कृषि विज्ञान केंद्र नरसिंहपुर के वैज्ञानिकों के चिकित्सीय टीम ने सोयाबीन, अरहर, गन्ना व मक्का फसलों की फसलों का निरीक्षण कर उनका सर्वेक्षण के उपरांत किसानों को रोग, कीट सर्वेक्षण एवं नियंत्रण के उपाय बताये।

सर्वेक्षण के उपरांत पाया गया कि सोयाबीन की जेएस 21– 72 प्रजाति को छोड़कर लगभग सभी जातियों में आंशिक से 30 प्रतिशत तक पीला मोजक का आपतन पाया गया। साथ



ही सोयाबीन की फसल में कहीं– कहीं अल्टरनेरिया एरियल ब्लाइट व ईल्ली का प्रकोप भी मिला। यह पीला मोजक रोग विषाणु के द्वारा उत्पन्न होता है, जिसका फैलाव सफेद मक्खी द्वारा किया जाता है। यदि किसान रोग फैलने वाले सफेद मक्खी को नियंत्रित कर लें, तो रोग का प्रसारण नहीं हो पायेगा।

केन्द्र के पादप संरक्षण वैज्ञानिक डॉ. एसआर शर्मा ने फसलों में कीट और रोगों के नियंत्रण के लिए नाशको के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए थायोमेथाक्जाम 125 से 150 ग्राम प्रति हेक्टेर या ऐसीटामीप्रिड 125 से 150 ग्राम प्रति हेक्टेर दस दिन के अंतर पर या फीप्रोनील प्लस इमिडाक्लोप्रिड 200 से 250 मिलीलीटर प्रति हेक्टेयर 500 लीटर पानी के साथ छिड़काव करके नियंत्रण कर सकते हैं। यह याद रहे कि 10 दिन के अंतराल पर कीटनाशकों को बदलकर कम से कम दो छिड़काव करें। एरियल ब्लाइट रोग के नियंत्रण के लिए टेबूकोनोजोल प्लस मेंकोजेब के 400 से 500 ग्राम प्रति हेक्टेर प्रयोग करें। जिस खेत के सोयाबीन में सफेद मक्खी या इल्ली दोनों का प्रकोप हो, तो उसके नियंत्रण के लिए किसान थायोमेथाक्जाम प्लस लेमडाहेलोथ्रीन 80 से 100 मिली लीटर प्रति एकड़ 200 लीटर पानी के साथ छिड़काव करके नियंत्रण कर सकते हैं। यह दवा उपलब्ध नहीं होती है, तो इमिडाक्लोप्रीड प्लस बीटा साईफ्लोथ्रिरीन 150 मिली प्रति एकड़ 200 लीटर पानी के साथ छिड़काव करें।

गन्ने में सर्वेक्षण के उपरांत पाया गया कि सभी क्षेत्रों में सफेद मक्खी का प्रकोप बहुत ज्यादा है। सफेद मक्खी के प्रभाव से 5 से 10 प्रतिशत तक गन्ने की उपज वह एक से दो प्रतिशत तक चीनी प्रतिशत कम हो सकता है। इसकी पहचान के लिए किसानों को देखना होगा कि गन्ने की पत्तियां पीली पड़ती है। गन्ने की पत्तियों के पीछे सफेद काली उभरी कतार में संरचना बनकर चिपकी रहती है, जो रगड़ने पर काले रंग का दिखेगा। कभी– कभी ज्यादा प्रकोप होने पर काला पाउडर पत्तियों पर दिखाई देता है, जिससे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया गन्ने में बाधित होती है। इसके नियंत्रण के लिए थाईओमेथाकजाम 25 प्रतिशत डब्ल्यूपी 150 ग्राम प्रति एकड़ या डिफेनथुरान 250 ग्राम प्रति एकड़ 250 से 300 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। अगर यह दवा भी प्राप्त नहीं होती है, तो फिप्रोनिल प्लस इमिडाक्लोप्राइड 40 प्रतिशत को 150 से 200 मिली लीटर दवा 300 लीटर पानी में मिलाकर के छिड़काव करें। ऐसा देखा जाता है कि किसान गन्ने में नाइट्रोजन खाद का प्रयोग ही ज्यादातर करते हैं। जहां नाइट्रोजन खाद का ज्यादा प्रयोग होता है या खेत में पानी लगता है। वहां सफेद मक्खी का प्रकोप ज्यादा होता है। किसान यह ध्यान रखें कि गन्ने के लिए संस्तुत नाइट्रोजन, फास्फोरस व पोटाश तीनों खादो को मिलाकर प्रायः बुवाई के प्रयोग करें।

मक्के की फसल में फालआर्मीवर्म का प्रभाव कहीं– कहीं दिख रहा है। फॉलआर्मीवर्म मक्के की फसल के लिए बहुत ही नुकसानदायक कीट है। यह पत्तियों के गोफन में घुसकर खाता है, ये भुट्टे को भी नुकसान करता है जिससे भुट्टे का बाजार में दर कम हो जाता है। इसके नियंत्रण के लिए ऐमामेक्टिन बेंजोएट 80 ग्राम प्रति एकड़ या प्रोफेनोफास प्लस साइपरमैथ्रीन 400 मिलीलीटर प्रति एकड़ 200 लीटर पानी के साथ छिड़काव करें। अरहर की फसल में कहीं–कहीं स्टेरीलिटी मोजेक रोग दिखाई दे रहा है। इसमें अरहर की पत्तियां छोटी पीली पड़ जाती हैं। शाखाएं कम निकलती है और बहुत ही कम फूल और फल आते हैं। यह रोग विषाणु के द्वारा उत्पन्न किया जाता है, जिसका प्रसारण माइट के द्वारा होता है। अतः माइट (लाल मकड़ी) को नियंत्रित करना अति आवश्यक है। लाल मकड़ी के नियंत्रण के लिए प्रोपेजाइट 2 मिली लीटर प्रति लीटर पानी के साथ या एबोमेक्टीन 0.75 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी या बाईफेनाजेट एक मिली प्रति लीटर पानी के साथ छिड़काव करें। यदि हेकसीथीओक्स उपलब्ध हो, तो 1– 1.25 मिली लीटर/ पानी के साथ छिड़काव करें। किसान भी जानते हैं कि माइट का प्रकोप होने पर पत्तियां नीचे की तरफ उल्टी नाव जैसी बनाती है और इसके नियंत्रण के लिए उपरोक्त रसायनों के साथ ही कुछ कीटनाशक जैसे डाईफेनथुरान, इमिडाक्लोप्रीड या प्रोफेनोफॉस साइपमेथ्रीन का भी प्रयोग कर सकते हैं।

# जाति–जनगणना की जरूरत

–राम पुनियानी

लोक–कल्याणकारी राज्य में नागरिकों को दी जाने वाली सुख–सुविधाएं समाज के विभिन्न तबकों की आबादी, हैसियत और जरूरत के आधार पर तय की जाती हैं, लेकिन यदि सरकार और नीति–निर्धारकों के पास इन तबकों की आबादी का ठीक आंकडा ही न हो तो वे कैसे राज्य की योजनाओं का लाभ पा सकेंगे? जाति–जनगणना की इसी जरूरत पर प्रकाश डाल रहे हैं, राम पुनियानी।–संपादक

हाल के लोकसभा चुनाव में 'इंडिया गठबंधन' ने जाति जनगणना के मुद्दे को अपने चुनाव अभियान में महत्वपूर्ण स्थान दिया था। अन्य कारकों के अलावा इस मुद्दे ने भी 'इंडिया गठबंधन' के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन में अपना योगदान दिया था। भाजपा के गठबंधन साथी नीतीश कुमार बिहार में पहले ही जाति जनगणना करवा चुके हैं, हालाँकि इस मुद्दे को अभी उन्होंने ठंडे बस्ते में रख छोड़ा है। राहुल गाँधी ने केन्द्रीय बजट पर चर्चा के दौरान लोकसभा में प्रभावी ढंग से जाति जनगणना की मांग उठाई थी। उन्होंने शहलवाश का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि बजट तैयार करने वाले मुख्यतः ऊंची जातियों के हैं और बजट के लाभार्थी केवल चंद उच्च वर्ग के लोग हैं।

जाति जनगणना आवश्यक है। कारण यह कि आरक्षण के प्रतिशत का निर्धारण दशकों पहले किया गया था और तब से लेकर अब तक विभिन्न जातियों की कुल आबादी की हिस्सेदारी में काफी परिवर्तन आ चुका है। मौजूदा सत्ता जिस विचारधारा की है, वह सकारात्मक भेदभाव की नीति अपनाकर हाशियाकृत समुदायों को अन्य समुदायों के समकक्ष लाने के प्रयासों के खिलाफ है। यद्यपि आर्थिक दृष्टि से सक्षम हो जाने मात्र से दलितों की सामाजिक समस्याएं समाप्त नहीं हो जाएंगी, मगर इसमें कोई संदेह नहीं कि बेहतर आर्थिक स्थिति से सामाजिक स्थिति में भी बेहतरी आती है।

भारतीय समाज जाति व्यवस्था के चंगुल में बुरी तरह फंसा हुआ है। इसके चलते जाति प्रथा के पीड़ितों को सामाजिक न्याय, सम्मान और गरिमा मिले, यह सुनिश्चित करवा पाना आसान नहीं है। दलितों को सम्मान और समानता दिलवाने का संघर्ष बहुत लम्बा और कठिन रहा है। इस दिशा में पहला प्रयास ज्योतिबा फुले ने किया था। उन्हें अहसास था कि जाति प्रथा, हिन्दू समाज की सबसे बड़ी कमजोरी है। चूँकि दलितों को पढ़ने–लिखने नहीं दिया जाता था इसलिए फुले ने दलितों के लिए स्कूल खोले। जातिगत पदक्रम को बनाये रखने में लैंगिक असमानता की भी अहम भूमिका है, अतः सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों के लिए स्कूल खोले। जातिगत व लैंगिक समानता की स्थापना के ये प्रयास करीब एक सदी पहले किये गए थे।

अम्बेडकर ने इन वर्गों को और जागरूक किया। दलितों को समझ में आया कि जमींदार और पुरोहित की जोड़ी –जिसे महाराष्ट्र में शेठजी–भट्टजी कहा जाता है – उनकी सबसे बड़ी पीड़क है। इसी के चलते ब्राह्मण विरोधी आन्दोलन शुरू हुआ। ब्राह्मणों के प्रभुत्व को चुनौती देने वाले इस आन्दोलन की राह आसान नहीं रही। उच्च जातियों के लोग हिन्दू–मुस्लिम एकता स्थापित करने के गांधीजी के प्रयासों से पहले ही परेशान थे। दलितों की समान अधिकारों की मांग ने उच्च जातियों को और विचलित कर दिया। उच्च जातियों के श्रेष्ठी वर्ग ने 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' (आरएसएस) की स्थापना की, जिसका लक्ष्य था, हिन्दू राष्ट्र की स्थापना जो मनुस्मृति पर आधारित है। 'आरएसएस' ने भारत के संविधान का इस आधार पर विरोध किया था कि उसमें भारत के स्वर्णिम अतीत के मूल्यों को जगह नहीं दी गई है।

अनुसूचित–जातियों और अनुसूचित–जनजातियों के लिए आरक्षण का असर धीरे–धीरे समाज पर पड़ने लगा। इसके साथ ही अफवाहें फैलाने का क्रम भी शुरू हो गया। आरक्षण से लाभान्वित होने वालों को सरकारी दामाद कहा जाने लगा और यह तर्क दिया गया कि वे जिन पदों पर काबिज़ हैं, वे उनके योग्य नहीं हैं। यह भी कहा गया कि आरक्षण की व्यवस्था योग्य युवाओं की राह में रोड़ा है।

ऊंची जातियों के लोगों का गुस्सा सबसे पहले गुजरात के अहमदाबाद में सामने आया। माधवसिंह सोलंकी के 'केएचएएम' या 'खाम' (क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी और मुस्लिम) गठबंधन पर तीव्र प्रतिक्रिया हुई और सन 1981 में गुजरात में दलित–विरोधी हिंसा भड़क गयी। अध्येता अच्युत याग्निक लिखते हैं शिक्षित मध्यम वर्ग, जिसमें ब्राह्मण, बनिया और पाटीदार शामिल हैं, ने 1981 में आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ आन्दोलन शुरू कर दिया। सन 1985 में पदोन्नति में आरक्षण के खिलाफ एक बार फिर गुजरात में दलित–विरोधी हिंसा हुई। इसी समय, 'विश्व हिन्दू परिषद' ने राममंदिर आन्दोलन को बढ़ावा देना शुरू किया और लालकृष्ण अडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक रथयात्रा शुरू की।

वी.पी. सिंह, जिनकी सरकार एक ओर भाजपा तो दूसरी ओर वामपंथी दलों के समर्थन से चल रही थी, ने अपनी गद्दी बचाने की खातिर 'मंडल आयोग' की रपट को लागू कर दिया और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी), जो आबादी का 55 प्रतिशत हैं, को 27 प्रतिशत आरक्षण दे दिया। ऊंची जातियां 'मंडल आयोग' के खिलाफ थीं, मगर चुनावी कारणों से भाजपा मंडल का सीधे विरोध नहीं कर सकती थी। उसने रथयात्रा को सफल बनाने में पूरा जोर लगा दिया। इस यात्रा को मंडल–विरोधी उच्च जातियों का जबरदस्त समर्थन प्राप्त हुआ। मंडल का विरोध करने के लिए यूथ फॉर इक्वालिटी जैसी संस्थाएं उभर आई।

मंडल राजनीति से शरद यादव, लालू यादव और रामविलास पासवान जैसे नेता उभरे। भाजपा के शीर्ष नेता अटलबिहारी वाजपेयी ने कहा, वे मंडल लाए तो हम बदले में कमंडल लाए। भाजपा सामाजिक न्याय की विरोधी रही है और अपने इस विरोध को उसने मुस्लिम–विरोध का जामा पहनाया है। भाजपा का उद्देश्य है जातिगत उंच–नीच को बनाये रखते हुए हिन्दुओं को एक करना। मंडल पार्टियाँ कई मामलों में सफल रहीं, मगर उनमें से कुछ ने अपने संकीर्ण हितों की खातिर 'मनु की राजनीति' से समझौता कर लिया।

'इंडिया गठबंधन' में शामिल कुछ दल मंडल के विरोधी रहे हैं, मगर अपनी दो 'भारत जोड़ो यात्राओं' के दौरान आम लोगों की स्थिति देखने के बाद राहुल गाँधी जाति जनगणना के प्रबल समर्थक बन गए हैं। विभिन्न जातियों की आबादी, आरक्षण के प्रतिशत का निर्धारण करने का सबसे बेहतर आधार है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट का आरक्षण कोटे के उप–विभाजन के सम्बन्ध में निर्णय स्वागतयोग्य है। जो जातियां आरक्षण का लाभ नहीं उठा पाई हैं, उन्हें इसका लाभ दिलवाना सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए आवश्यक है।

जहाँ 'इंडिया गठबंधन' जाति जनगणना की मांग का खुलकर समर्थन कर रहा है, वहीं 'एनडीए' का मुख्य घटक दल भाजपा इस मांग की पूर्ति की राह में हर संभव रोड़ा अटकाएगा। इस मांग के समर्थन में प्रदर्शन, सभाएं आदि कर इस मांग की पूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है। (सप्रेस) (अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

– श्री राम पुनियानी 'आईआईटी मुंबई' में पढ़ाते थे और वर्ष 2007 के 'नेशनल कम्यूनल हार्मोनी अवार्ड' से सम्मानित हैं।

## राजस्व महा अभियान के तहत जिले में ई–केवायसी का कार्य लगातार जारी

गाँव–गाँव ई–केवायसी करने पहुँचे पटवारी, जीआरएस व पंचायत सचिव नक्शा सुधार सहित राजस्व प्रकरणों का निराकरण भी किया जा रहा है

जनसंपर्क नर्मदापुरम । पटवारी, ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) व ग्राम पंचायत सचिव गाँव–गाँव पहुँचकर और किसानों की समग्र ई–केवायसी का काम कर रहें है। राजस्व महा अभियान 2.0 के तहत नर्मदापुरम जिले में समग्र ई–केवायसी एवं खसरे से लिंक करने के काम को तेजी से पूर्ण करने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना ने पटवारी, जीआरएस व पंचायत सचिव को संयुक्त रूप से जिम्मेदारी सौंपी है।

जिला प्रशासन के प्रोत्साहन से ये सभी कर्मचारी उत्साह पूर्वक यह काम पूरा करने में जुटे हैं। ई–केवायसी एवं खसरे से लिंक करने के काम को तेजी से पूरा कराने के लिए कलेक्टर सोनिया मीना ने सभी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को अपने – अपने क्षेत्र के सभी गाँवों की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही राजस्व महा अभियान के तहत नक्शा तरमीम (सुधार) का कार्य भी समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए कहा है। राजस्व महा अभियान के तहत नामांतरण, बटवारा व सीमांकन प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश भी राजस्व विभाग के अमले को दिए गए हैं।

ए.एस. खुराना
बी.एस.सी./डी.ओ.आर.
मो. 7747022369
8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)

# जनसुनवाई में आवेदन देने वाले हितग्राहियों की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित गति से किया गया निराकरण

## सभी आवेदन कर्ताओं ने कलेक्टर एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित होकर कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना को समक्ष में उपस्थित होकर अपनी समस्या एवं शिकायतों के संबंध में आवेदन देते है। कलेक्टर द्वारा सभी आवेदनों को परीक्षण कराकर जो पात्र हितग्राही उनकी वाजिव शिकायतें एवं समस्ध्याओं का प्राथमिकता से निराकरण किया जाता है। ऐसे ही जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित गति से निराकरण किया गया। जिससे सभी हितग्राहियों ने कलेक्टर सोनिया मीना, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जनसुनवाई में आए आवेदक श्री अशोक साहू आ. श्री बाबूलाल साहू निवासी कोठी बाजार नर्मदापुरम की पत्नी की मृत्यु हो जाने पर उन्होने संबल योजनान्तर्गत आर्थिक सहायता राशि की मांग की थी। योजनांतर्गत पात्र होने पर श्री अशोक साहू के बैंक खाते में राशि 2.00 लाख नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम से जमा कराई गई। श्री अशोक साहू अपने आवेदन का निराकरण होने पर कलेक्टर का आभार व्यक्त करते नहीं थकते है। इसी क्रम में आवेदिका श्रीमती मालती बाई पति स्व. सुंदरलाल प्रजापति निवासी किशनपुर सोहागपुर की मृत्यु उपरांत संबल योजनांतर्गत उनके द्वारा आर्थिक सहायता राशि की मांग की गई थी। योजना में पात्र होने पर राशि 2.00 लाख रूपये श्रीमती मालती बाई के बैंक खाते में जमा कराये गये।

आवेदिका श्रीमती नेहा कहार पति श्री अरुण कहार निवासी ग्राम रायपुर द्वारा अनुग्रह सहायता राशि की मांग की गई थी। आवेदक के पात्र होने पर श्रीमती कहार को संबल योजनांतर्गत राशि 4.00 लाख रूपये उनके बैंक खाते में जमा कराये गये। इसी तरह जयनारायण गुर्जर आ. कीरतसिंह गुर्जर नर्मदापुरम द्वारा शारदा अस्पताल में मजदूरी का कार्य किया गया था। अस्पताल द्वारा मजदूरी का भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत उन्होने जनसुनवाई में की थी। आवेदन का परिक्षण करने के पश्चात प्राप्त शिकायत का निराकरण कराते हुए बकाया मजदूरी राशि 4,600/– रूपये का भुगतान कराया गया। आवेदिका श्रीमती शीला विंडोलिया पति स्व. दिनेश चंद्र निवासी नर्मदापुरम की मृत्यु उपरांत अनुग्रह सहायता राशि मांग की गई थी। आवेदक पात्र होने पर संबल योजनांतर्गत श्रीमती विंडोलिया को राशि 2. 00 लाख रूपये उनके बैंक खाते में जमा कराए गए।

इसी तरह सुधीर कुमार गौर आ. अशोक कुमार गौर निवासी ग्राम खरार डोलरिया द्वारा जनसुनवाई में अंशदान राशि सेवा सहकारी समिति मिसरौद में जमा राशि वापिस दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। श्री सुधीर कुमार गौर को जमा अंशदान राशि 8000/– रूपये सहकारिता विभाग से वापस करा दी गई है। इसी क्रम में आवेदिका सविता बाई अहिरवार पुत्री चर्तुभुज एवं अन्य तीन निवासी आर्दश नगर नर्मदापुरम द्वारा नजूल की भूमि के फौती नामांतरण के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया को शिकायत की गई थी। शिकायत जाँच प्रतिवेदन अनुसार फौती नामांतरण कर शिकायत का निराकरण किया जा चुका है।

शिकायतकर्ता अंतराग आ. बाबूलाल पचौरी निवासी ग्राम सांगाखेड़ा कलों बाबई द्वारा कृषि भूमि का सीमांकन आवेदन तहसीलदार माखननगर को प्रस्तुत किया गया था। जिसे हल्का पटवारी द्वारा निरस्त कर दिया गया था। किंतु तहसीलदार माखननगर द्वारा पुनः टीम गठित कर आवेदन की जाँच करा हल्का पटवारी से सीगांकन कर आवेदक का कार्य कर दिया गया। शिकायत का निराकरण किया जा चुका है। आवेदिका लक्ष्मीबाई व अन्य ग्रामीणों द्वारा शासकीय रास्ता बंद होने की शिकायत की गई थी। ग्राम पंचायत द्वारा अशोक एवं सुखराम की घर के बीच से लेकर गोवर्धन पिता जगन्नाथ के घर तक 10 फुट चौड़ा रास्ता ग्राम पंचायत द्वारा बनाने की सहमति दी गई। जिससे किसी ग्रामवासी को कोई आपत्ति नहीं है। आवेदकगण संतुष्ट हैं। एवं सभी ने कलेक्टर एवं तहसीलदार का आभार व्यक्त किया। तहसीलदार इटारसी द्वारा उक्त शिकायत का निराकरण किया गया था। जिससे आवेदक संतुष्ट हैं। एवं इसी प्रकार जन सुनवाई में मारूति नगर नर्मदापुरण की रूचि मालवीय तथा अन्य महिलाओं द्वारा सीवर लाईन की खुदाई के कारण कीचड़ से फिसलन होने एवं बच्चों के स्कूल आने जाने में समस्या बत्ताई गई थी जिसका शहरी विकास अभिकरण द्वारा गड्ढा पुराई व सीमेंट करवाकर निराकरण कराया गया। अब सडक चलने योग्य है।

---

समीक्षा-चीखता महल (बाल उपन्यास)　लेखक हरीराम कहार
प्रकाशक-सुरंभि प्रकाशन (किताब घर प्रकाशन समूह का उपक्रम)
प्रति बिहार दिल्ली-92 (भारत)
आवरण-के.जी.पी., कीमत-120/- रुपये मात्र
समीक्षक-ओमप्रकाश सोनी, पिपरिया

# समीक्षा-

## छात्रों में दूरदर्शिता-निर्भीकता एवं जिज्ञासा का समाधान करता प्रेरक बाल उपन्यास -चीखता महल

समकालीन परिदृश्य में जो लेखक लिख रहे हैं, उनमें हरीराम कहार का नाम विशेष रूप से लिया जाएगा। निरंतर नयेपन की तालाश ने, हरीराम के लेखन में जबरदस्त बदलाव लाया है। उनकी लेखनी एक ईमानदार लेखक की आवाज है, जो बिना किसी दबाव या प्रभाव के अपनी बात कहती है।

'एक सच्चा और ईमानदार साहित्यकार वही है, जो अपने निर्मम यथार्थ को सम्पूर्ण संवेदना के धरातल पर परखने की कसौटी स्वीकार करने का साहस दिखाता है।''

हरीराम की प्रकाशित कृतियों में -बचपन, चील का खजाना, हीरे की तालाश तथा आसमान में उड़ती पतंग एवं चीखता महल पांचवीं कृति है। के.जी.पी. ने उपन्यास के अनुरूप सुन्दर आवरण बनाया है, वे धन्यवाद के पात्र हैं।

हिन्दी भाषा के विपरीत मौसम एवं समझौतों की बारिश में भी निरंतर अपने बलबूते पर बढ़ते हुए हरीराम कहार ने चीखता महल (बाल उपन्यास) का स्वागत खुले दिल से किया जाना चाहिए। यह उपन्यास छात्रों में देशभक्ति के लिए प्रेरित करता है। देशद्रोह का कार्य न कभी करना चाहिए और न किसी को भी करने देना चाहिए। यह प्रेरणा देता बाल उपन्यास सभी के लिए प्रेरणादायी है।

'चीखता महल' का चरम (क्लाइमेक्स) मेरे विचार से यह बिन्दु है, जब 'ड्रगमाफिया गैंग' पुलिस द्वारा पकड़ा जाता है और छात्रों के इस साहसिक प्रयास से वे पुरुस्कृत होते हैं। लेखक के पास जीवन के अपने आसपास के परिवेश के व्यापक अनुभव हैं। बारीक दृष्टि है, वे चौकन्ना दृष्टि रखते हैं और ज्वलंत समस्याओं पर बेवाकी से लिखते हैं। ये शिक्षक रहे हैं, उन्हें बालमनोविज्ञान का अच्छा अनुभव है। हरीराम के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बहुत-बहुत बधाई।

''वाणी में माँ शारदे, दो ऐसा वरदान।
अर्थ बने संजीवनी, शब्द बने हनुमान।।''

-ओमप्रकाश सोनी

---

# म.प्र. सडक विकास निगम मार्गो को गड्ढा मुक्त रखने विशेष अभियान चला रहा है

## तवा एवं नर्मदा ब्रिज तथा पचमढी की सडक के गड्ढों की कि गई मरम्मत

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम संभाग नर्मदापुरम द्वारा नर्मदापुरम जिले की सडकों एवं ब्रिज मार्गो पर बारिस के दौरान हुए गड्ढों को सुधारकर मार्ग गड्ढा मुक्त करने हेतु विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के अंतर्गत विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देशन में आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। नर्मदापुरम संभाग अंतर्गत आने वाले दो महत्वपूर्ण एवं उच्च स्तरीय ब्रिज के मार्गो में बारिस के दौरान हुए गड्ढों की मरम्मत का कार्य किया गया है। साथ ही पचमढी जाने के मार्ग पर हुए गड्ढों की भी मरम्मत कर उसे समतल कर चलने योग्य बनाया गया है। मुख्य अभियंता म.प्र. सड़क विकास निगम भोपाल श्री बी. एस. मीना ने बताया कि नर्मदापुरम जिले अंतर्गत आने वाले तवा एवं नर्मदा ब्रिज पर भारी वर्षा के दौरान हुए गड्ढों की मरम्मत कर उन ब्रिज को गड्ठा मुक्त किया गया है। वहीं पचमढी जाने मार्ग को भी सुधारा गया है। एवं मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम संभाग नर्मदापुरम अंतर्गत आने वाले मार्गो पर यातायात सुचारू रूप से जारी है।

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

ऋषि चिंतन के सान्निध्य में

## देवत्व का अवलंबन

क्षणभंगुर शरीर की चटोरी इन्द्रियों को तृप्त करने में 'सुर-दुर्लभ मानव जीवन' को व्यतीत कर डालना कोई बुद्धिमानी की बात नहीं है। सामाजिक कुरीतियों के खर्चों के आडंबरों को पूरा करने के लिए जैसे-तैसे करके धन जोड़ते रहना और फिर एक दिन में उसे बारूद की तरह फूंक देना, यह भी कोई दूरदर्शिता की बात नहीं है। गायत्री कहती है कि मेरे प्रिय पुत्रों! परमात्मा के अमर राजकुमारो! तुम देव हो, दिव्यता का वरण करो। अपने दृष्टिकोण को दिव्य बनाओ, शुद्ध बनाओ, जिन बालक्रीड़ाओं में अनेक अज्ञानग्रस्त अविवेकी उलझ रहे हैं, उन्हीं में तुम भी मत फँस जाओ। अशुद्ध दृष्टि अपनाकर केवल मूर्ख या दुष्ट बना जा सकता है। ईश्वर ने शरीर, बुद्धि और जीवन रूपी बहुमूल्य संपत्ति इसलिए दी है कि दैवी गतिविधि को अपनाकर स्वर्गीय आनंद का आस्वादन किया जाए। तृष्णा, भोग, लोभ, अहंकार, मोह आदि के जंजालों में फँस कर इन बहुमूल्य शक्ति संपत्तियों का अपव्यय या दुर्व्यय करना सर्वथा अनुचित है।

हमारा जीवन देवत्व से परिपूर्ण होना चाहिए। हम अपने साथ प्यार करें, अपनी आत्मा के साथ प्यार करें, अपने जीवन के साथ प्यार करें, पर कुपथ्य कराने वाली माता की तरह न करें। मोहवश कुपथ्य कराके रोगी बालक को मृत्यु के मुख में ढकेल देने वाली माता का प्रेम सच्चा प्रेम नहीं है, उसे तो मोह ही कहा जाएगा।

-अखण्ड ज्योति-जुलाई 1950 पृष्ठ-5




गोपी गहना

चांदी, सोना के आभूषण विक्रेता

अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास

पुलिया के सामने पहली दुकान।

फोन-(07576) 220502, मो. 9425475981, 7693075981

चन्द्रकान्त अग्रवाल

(कर सलाहकार)

उपलब्ध सेवाएं -इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य

(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस

(3) हेल्थ एंशुरेन्स-केयर हैल्थ एवं नीवा बूपा हैल्थ एन्शुरेंस

सम्पर्क करें - दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउन्ड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड

मो. 9893803544

पिपरिया में भोपाल मूल्य पर कम्प्यूटर प्राप्त करें।

सेल्स एंड सर्विसेस

5/9/2019 से चालू

शुभ एसोसिएट्स

●ब्राण्डेड कम्प्यूटर ●कम्प्यूटर असेम्बलिंग ● पुराने कम्प्यूटर अपग्रेडिंग ● सेकेन्ड हेण्ड कम्प्यूटर उपलब्ध ● कम्प्यूटर रिपेयरिंग ●कम्प्यूटर नेटवर्किंग ●मासिक चार्ज पर रखरखाव ●कम्प्यूटर पार्ट्स एवं एसेसरीज ●सभी प्रकार के प्रिंटर सेल्स एवं रिपेयरिंग ● सभी प्रकार के टोनर की रिफिलिंग।

पता- मस्जिद के सामने, मंगलवारा बाजार, पिपरिया

मो. 9981573050

intel inside ASUS COMPAQ HCL HEWLETT PACKARD


पौराणिक कथा

# भगवान भावनाओं को महत्व देखते है

भगवान की पूजा में भावना और श्रद्धा का महत्व सोने और चांदी से ज्यादा होता है इस बात को अत्यंत खूबसूरत तरीके से समझाने हेतु श्री कृष्ण और उनकी दो बीवियों रुक्मणी और सत्यभामा से संबंधित एक बहुत ही अच्छी पौराणिक कथा है।

भगवान श्रीकृष्ण की पत्नी सत्यभामा के मन में एक दिन बहुत ही अजीब सा विचार आया। वह हठ करने लगीं कि श्री कृष्ण जी को अपने गहनों से तोलेंगी।

श्री कृष्ण जी को जब यह बात पता चली तो वे सत्यभामा से कुछ बोले नहीं बस मंद मंद मुस्कुराने लगे।

सत्यभामा अपने ढेर सारे जेवर ले आयीं। पलड़े के एक तरफ उन्होंने भगवान को बैठा दिया और दूसरी तरफ अपने जेवर रखने लगी। लेकिन पलड़ा अभी भगवान की तरफ ही झुका था।

सत्यभामा के पास जेवरों की कोई कमी तो थी नहीं वो जाकर और ढेर सारे जेवर ले आयीं लेकिन पलड़ा जरा भी नहीं हिला। सत्यभामा ने अपने सारे जेवर तराजू पर रख दिए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अंत में वह थक कर बैठ गईं।

तभी वहाँ रुक्मणी का आगमन हुआ, सत्यभामा ने उन्हे सारी बात कह सुनाई। सत्यभामा की बात सुनकर तुरंत रुक्मणी जी पूजा का सामान ले आयीं।

उन्होने भगवान की पूजा अर्चना की और उसके बाद में जिस पात्र में भगवान का चरणोंदक रखा होता है उसे गहनों वाले पलड़े पर रख दिया। देखते ही देखते पलड़ा झुकने लगा और भगवान का पलड़ा ऊपर उठ गया।

सत्यभामा हैरानी से सब कुछ देख रही थी। उसको समझ नहीं आ रहा था कि जो पलड़ा उनके इतने सारे गहनों से नहीं झुका वो एक हल्के से पात्र से कैसे झुक गया! वे रुक्मणी से इसका कारण पूछने लगी।

तभी नारद मुनि भ्रमण करते हुए वहाँ पहुँच गये। सत्यभामा की परेशानी समझ कर वे इसका कारण उन्हे बताने लगे।

नारद जी बोले भगवान की पूजा में महत्व सोने चांदी के गहनों का नहीं होता बल्कि सच्ची भावना और श्रद्धा का होता है।

रुक्मणी ने अत्यंत प्रेम से भगवान का पूजन किया जिससे उनकी श्रद्धा और भक्ति की ताकत चरणोंदक में समा गई।

जब रुक्मणी ने वह पात्र तराजू पर रखा तो उनकी भक्ति की ताकत से पलड़ा नीचे चला गया।

ईश्वर को सिर्फ सच्चे प्रेम, श्रद्धा और भक्ति की भावना से ही पाया जा सकता है। सोने चांदी और रुपए पैसों का भगवान की नजर में कोई मोल नहीं होता। भगवान की पूजा यदि सही ढंग से की जाये तो ईश्वर की प्राप्ति अवश्य होती है।

सच्ची भक्ति और प्रेम के आगे ईश्वर भी झुक जाते हैं। सत्यभामा को उनकी बात समझ में आ गई थी।

इस पौराणिक कथा के मध्यम से हमें यही सीख मिलती है कि अगर भगवान् के करीब रहना है या ईश्वर को प्राप्त करना है तो सोना चांदी और पैसा जैसी भौतिकवादी चीज़ों को भूलकर अपने मन में श्रद्धा का भाव उत्पन्न करे, यही एकमात्र मार्ग है सच्ची भक्ति और ईश्वर को पाने का।

साभार -प्रेरणा दायक कहानी

# पांढुर्णा में दूषित पानी पीने से दो लोगों की मौत, तीन दर्जन ग्रामीणों की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

बोरपानी गांव में मंगलवार देर रात 30 से अधिक लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ गई। लगातार उल्टी-दस्त होने पर लोगों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया।



पांढुर्णा। मध्य प्रदेश के पांढुर्णा जिले में दूषित पानी का कहर देखने को मिला है। यहां दूषित पानी पीने से दो लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब तीन दर्जन लोग बीमार हैं। ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि मंगलवार देर रात बोरपानी गांव में करीब 20 लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी। उल्टी-दस्त होने लगे। रात 2 बजे से सुबह 7 बजे तक सिविल अस्पताल में मरीजों को लाने का सिलसिला जारी रहा। इलाज के दौरान दो लोगों की मौत भी हो गई।

बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे के बाद 16 और लोगों को तबीयत बिगड़ने पर एम्बुलेंस से अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीएमओ डॉ. दीपेंद्र सलामे ने बताया, उल्टी-दस्त के कारण देवाची उईके (45) और झनका बाई धुर्वे की मौत हुई है। वहीं, 34 लोग अब भी भर्ती बताए जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि वे नदी के पास ट्यूबवेल से पानी पीते हैं। बीते कुछ दिन से ट्यूबवेल से गंदा पानी आ रहा है। इसी पानी को पीने के कारण सभी की तबीयत बिगड़ी है। वहीं, सूचना मिलते ही पीएचई विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और पानी का सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा है। फिलहाल ट्यूबवेल को बंद कर दिया गया है। ग्राम पंचायत को गांव में साफ-सफाई और ब्लीचिंग पाउडर के छिड़काव करने के निर्देश दिए हैं।

-हम समवेत

# 31 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा राजस्व महाअभियान 2.0

अब तक 3504 नामांतरण, 92654 खसरा लिंकिंग, 46770 नक्शा तरमीम के प्रकरणों का किया गया निराकरण

समस्त भूस्वामी अपनी भूमि के राजस्व प्रकरणों से संबंधी कार्यो के लिए अपनी संबंधित तहसील में करें आवेदन

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग द्वारा संचालित राजस्व महाअभियान 2.0 जिले में 18 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक चलाया जा रहा है। इस महाअभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों (नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती) का निराकरण तथा नक्शे पर तरमीम, समग्र–ई केवायसी एवं खसरा लिंकिंग का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि 24, 25, 26 अगस्त 2024 को शासकीय अवकाश होने पर भी तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी द्वारा राजस्व महाअभियान के चलते निरंतर समग्र ई केवायसी एवं खसरा लिकिंग अन्तर्गत कुल 23127 खसरा लिकिंग तथा नक्शा तरमीम अन्तर्गत 16480 तरमीम कार्य किया गया।

इस प्रकार राजस्व महाअभियान अन्तर्गत अभी तक नामांतरण के 3504, बटवारा के 408 एवं अभिलेख दुरुस्ती के 271 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है एवं समग्र–ई केवायसी एवं खसरा लिंकिंग अन्तर्गत कुल 92654 खसरा लिंकिंग तथा नक्शा तरमीम अन्तर्गत 46770 तरमीम का कार्य किया जा चुका है।

जिले के समस्त भूमि स्वामियों से अपील है कि राजस्व महाअभियान अन्तर्गत जिन भूमिस्वामियों का भूमि का नामांतरण, बटवारा एवं अभिलेख दुरुस्ती संबंधित प्रकरणों का निराकरण तथा नामांतरण, बटवारा के समय यदि बटांकन कायम नहीं किया गया है तथा खसरा में बटांकन तो कायम है लेकिन

# कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

## जनसुनवाई में 88 आवेदनों पर हुई जनसुनवाई

जनसंपर्क नर्मदापुरम ।आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार 27 अगस्त को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आम जन अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आते हैं। कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनसुनवाई में कुल 88 आवेदन प्राप्त हुए।

साथ नर्मदापुरम जिले की चारों तहसीलों में भी तहसील स्तरीय जनसुनवाई भी आयोजित की गई। तहसील स्तरीय जनसुनवाई में सिवनीमालवा में 16, डोलरिया में 03, माखन नगर में 01 एवं बनखेड़ी 13 में आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण किया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में श्रीमती ओमवती बाई निवासी ग्राम पांडरी ऑडिनेस फेक्ट्री इटारसी ने इन्द्र आवास लोन को समाप्त करने के लिए आवेदन दिया। इसी प्रकार अशोक कुमार ने अपनी प्लाट पर किसी ओर के द्वारा अवैध निर्माण किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम पंचायत रानीपुर के सरपंच ने पंचायत सचिव के अस्वस्थ होने पर उनके स्थान पर किसी अन्य को पंचायत सचिव का अस्थाई रूप से प्रभार देने के लिए आवेदन किया गया।

जनसुनवाई में नर्मदापुरम के ग्राम मालाखेडी के कृषकगणों ने खेत से पानी निकासी के लिए उपयोग होने वाले नाले के अवरोध को दूर करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार ग्राम धपाडाकला तहसील सोहागपुर की श्रीमती सीता रघुवंशी द्वारा कृषि भूमि का मौका अनुसार नक्शा कम्प्यूटर रिकार्ड में एवं राजस्व रिकार्ड में बटांकन करने के लिए कलेक्टर



के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। तहसील सोहागपुर के बरवानी टोला निवासियों द्वारा शोभापुर–सोहागपुर मेन रोड से बरवानी टोला की रोड बनवाने हेतु आवेदन दिया गया। तहसील डोलरिया के ग्राम कजलास के निवासी सभी प्रार्थीगण प्रभुदयाल पिता जगदीश प्रसाद, आदित्य पिता विजय कुमार तथा सुनील कुमार पिता मिठूलाल तथा श्रीमती विद्या बाई पत्नि हीरालाल ने कृषि भूमि का नक्शा की त्रुटि को सुधार कर विक्रय पत्र के आधार पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने के लिए आवेदन दिया।

इसी तरह से अनेक लोगों ने जनसुनवाई में अपने आवेदन देकर समस्या का निराकरण करने का अनुरोध किया। कलेक्टर सोनिया मीना ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का अद्यतन अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं का समय सीमा के अंदर निराकरण करने के निर्देश दिए।

विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान –
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल,
प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।

पानी की किल्लत से छुटकारा........
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें ।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूवलेल बोरिंग, पाईप, सबमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान



महावीर पाइप्स
गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136

रंगीन फोटो कापी मल्टीकलर प्रिंटिंग
अब चाहे एक कापी हो या हजार या ज्यादा
कम कीमत में तुरन्त तैयार
रंगीन बर्थ डे कार्ड, शादी कार्ड, मानपत्र, स्टीकर, लेटर पैड
कैलाश आफसेट पिपरिया
सांडिया रोड, पिपरिया मो. 9425475451

बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन
फोन- 222664, 224664
अधिकृत विक्रेता
My Cem Cement
श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार ।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें ।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाबा गाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला ।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज ।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली , पिपरिया

स्वस्थ आहार, स्वाद मेजदार...
रघुजी नमकीन
एक विश्वास
रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार
शोभापुर रोड, पिपरिया Ph.224241,
-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471




–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## परमात्मा की मौजूदगी का अहसास

**-संत राजिन्दरसिंह जी महाराज**



आइये, हम एक प्रयोग करते हैं, देखें कि एक दिन में हम कितनी बार परमात्मा को याद करते हैं ? एक या दो बार ? बाकी समय में क्या हम ईश्वर को भूल जाते हैं और यही सोचते हैं कि हम कर्ता हैं और हमारे करने से ही सब कुछ होता है ? हम परमात्मा को याद करने के समय को बढ़ाने की कोशिश करें ।

क्या हम परमेश्वर को अपने साथ काम पर, अपने परिवारों में, अपने दोस्तों में और अपनी गतिविधियों में ले जा सकते हैं ? क्या हम हर पल परमात्मा के साथ चल सकते हैं ? जब हमारी जान को खतरा होता है तो हम परमात्मा को याद करते हैं लेकिन क्या हम परमात्मा को खाने, कपड़े पहनने, चलने, बात करने, काम करने, खेलने या सोने के लिये बुला सकते हैं ? ऐसा करने वाला हर समय परमानंद और सदा-सदा की खुशी को पा लेगा । वह समस्याओं से ऊपर उठेगा और जीवन के उतार-चढ़ाव से प्रभावित नहीं होगा ।

यह हमारे भीतर की ईश्वरीय शक्ति है जो हमें हमारी चुनौतियों का सामना करने के लिए ताकत और साहस देती है । प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी समय शारीरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है । कभी-कभी हमें आश्चर्य होता है कि क्या हम इससे बाहर निकल सकते हैं, पर जब हम उन चुनौतियों का सफलता पूर्वक सामना कर लेते हैं तो हमें यह हैरानी होती है कि हमने यह कैसे कर लिया ? इनमें से प्रत्येक अनुभव उस उच्च शक्ति का प्रमाण है जो हमेशा हमारे साथ रहती है । हम कभी अकेले नहीं होते । परमात्मा हमेशा हमारे साथ रहते हैं । जब भी हमें किसी चुनौती का सामना करना पड़ता है , जो हमें लगता है कि बहुत मुश्किल है , तब हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि हमें अकेले नहीं हैं, परमात्मा का अनदेखा हाथ हमेशा हमारे साथ हैं । हम परमात्मा को देख तो नहीं सकते लेकिन परमात्मा की शक्ति को अनुभव जरूर कर सकते हैं ।कई बार हम भी अपने भीतर परामात्मा की उस अदृश्य शक्ति को महसूस करते हैं । हम जितना अधिक ग्रहणशील होंगे, उतना ही उस शक्ति को हम अधिक महसूस कर सकते हैं ।

इसलिए जब भी हमें चुनौतियों का सामना करना पड़े तो हमें उन लोगों को याद रखना चाहिए जिनके पास और भी बड़े संघर्ष थे और वे सफलता पूर्वक उनसे बाहर निकले । जीवन की चुनौतियों का सामना हम निडर होकर करें । हम पूरी कोशिश करें लेकिन परिणाम परमेश्वर की इच्छा पर छोड़ दें ।

परमात्मा हमेशा हमारे साथ हैं, जीवन के हर गम, हर मुश्किल में, वे हर पल हमारा मार्गदर्शन करते हैं ।

**'जो अन्न दे अन्नदाता, धन दे वह धनदाता, जो विद्या दे वह विद्यादाता, जो रक्त दे वह जीवन दाता ।''**

## रक्तदान शिविर आयोजित

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी ।** बनखोड़ी सावन कृपाल रूहानी मिशन आश्रम जबलपुर के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल सावन कृपाल रूहानी मिशन शाखा बाचावानी के सेवादार एवं प्रचारक धनश्याम सोनी ने पहुंचकर सेवा करने में शामिल हुए डाक्टर मल्होत्रा जी एवं आश्रम से जुड़े सेवादारों ने भाग लिए और सतगुरु की संगत ने बढ़ चढ़ कर मानव सेवा के लिए आगे आए मेडिकल कॉलेज सुभाष चन्द्र बोस जबलपुर के द्वारा 38युनिट ब्लड कलेक्ट किए गए आगे भी मानव सेवा के लिए मिशन के द्वारा निरंतर कार्य किए जाते रहेंगे एक बनों नेक बनो ।




## शासकीय माध्यमिक विद्यालय में जन्माष्टमी महोत्सव मनाया



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी ।** बनखेड़ी तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाचावानी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय बाचावानी में शासन के दिशानिर्देशों अनुसार इस वर्ष श्री कृष्ण भगवान का जन्म उत्सव बड़े हि धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर स्कूल के प्रधान पाठक श्रीमती सुषमा दुबे ने भगवान की पूजा अर्चना कर राधा कृष्ण बने बच्चों को तिलक लगाकर भगवान के जीवन पर प्रकाश डाला इसी कड़ी में स्कूल स्टाफ से श्रीमती प्रमिला पटेल गुंजन मिश्रा रसोईया मुमताज मुन्नी बाई साहू तुलसा बाई और समिति सदस्य पंच राजपाल यादव के साथ बच्चों ने रैली के रूप में स्कूल से श्रीगणेश मंदिर में राधा कृष्ण भगवान की पूजा में शामिल होकर श्री कृष्ण लीला को समझने के प्रेरित हुए

## प्रदीप नागवंशी की अध्यक्षता मैं कलेक्टर प्रतिनिधि केशव पटेल की उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन ग्राम पंचायत ठूठा दहलवाड़ा में संपन्न

!! हाई स्कूल के ग्राउंड में खेल मैदान, उप स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल व्यवस्था पंचायत क्षेत्र में क्रिकेट का खेल मैदान का आया प्रस्ताव ग्रामीण जनों ने की प्रतिभागिता!!

पिपरिया– महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष एक अप्रैल दो हजार तेईस से इक्तीस मार्च दो हजार चोबीस तक की अवधि मैं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्तर्गत अठाईस प्रधानमंत्री आवास हितग्राही मूलक कार्यों पर तथा एक सी सी रोड नाली निर्माण कार्य,दो तालाब जीणोद्धार,दो सामुदायिक स्वच्छता परिसर कुल पांच सामुदायिक कार्यों पर वित्तीय वर्ष 2023–2024 मैं राशि 7 लाख 32 हजार 682 रुपए का तथा वित्तीय वर्ष 2022–2023 में 3 लाख 97 हजार 4 सौ चौसठ रूपये का व्यय किया गया था।जिसका दो दिवसीय सामाजिक अंकेक्षण त्रिस्तरीय सत्यापन कार्य ग्राम सामाजिक एनिमेटर श्रीमती निर्मला बाथरे, श्रीमती अनीता विश्वकर्मा, भानु प्रताप कुशवाहा एवं ग्राम संपरीक्षा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत ठूठा–दहलवाड़ा में ऑडिट ऑफ स्कीम रूल्स 2011 मैं निहित् प्रावधानों के तहत संचालक मध्य प्रदेश स्टेट सामाजिक सम परीक्षा समिति पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दिए गए निर्देश के परिपेक्ष्य में कलेक्टर नर्मदापुरम के आदेश अनुसार ग्राम पंचायत में दिनांक 26 अगस्त दिन सोमवार से 27 अगस्त दिन मंगलवार तक संपादित किया गया। जिसकी सामाजिक अंकेक्षण विशेष ग्राम सभा का आयोजन पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 6(1) के अंतर्गत निहित् प्रावधानों के तहत् श्री प्रदीप नागवंशी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किया गया ग्राम सभा में ग्राम सामाजिक एनिमेटर श्रीमती अनीता विश्वकर्मा द्वारा प्रपत्र एक, प्रपत्र दो,प्रपत्र टू बी प्रपत्र तीन से लेकर प्रपत्र चार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लाभांवित हितग्राहियों की जानकारियो से ग्राम सभा को अवगत कराया गया।



प्रपत्र एक रिपोर्ट कार्ड का वाचन कर ग्राम सामाजिक एनीमेटर श्रीमती अनीता विश्वकर्मा ने ग्राम सभा को ग्राम पंचायत में परिवारों की संख्या ग्राम पंचायत में जारी जॉब कार्ड एवं ग्राम पंचायत को वितरित किए गए जॉब कार्डो से ग्राम सभा को अवगत कराया । प्रपत्र दो में श्रीमती विश्वकर्मा ने किए गए कार्यों की सूची का वाचन कर कार्यों पर व्यय की गई सूची से ग्राम सभा को अवगत कराया एवं प्रपत्र तीन में मजदूरों को किए गए भुगतान की जानकारी से ग्राम सभा को अवगत कराया गया। ग्राम सभा में ग्रामवासियों ने हाई स्कूल ग्राउंड में खेल मैदान उप स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल व्यवस्था तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में क्रिकेट खेल मैदान निर्माण कार्य कराए जाने का प्रस्ताव रखा जिसे ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से पारित किया। ग्राम सभा में ग्राम सभा के नोडल अधिकारी कलेक्टर प्रतिनिधि केशव पटेल सरपंच दिलीप सिंगारे विकासखंड समन्वयक सामाजिक अंकेक्षण राजेश कुमार ग्यारसे, राकेश ,बाबूलाल, गुड्डू बेलवंशी, ललिता बाई, सरोज धुर्वे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अनिता रघुवंशी एएनएम ,लक्ष्मी प्रसाद, गोमती बाई, सम परीक्षा समिति सदस्य दीपक खुरवंशी, नीरज , लक्ष्मण सिंह, सुखवती ,देवकिशन , नीलेश , गोपाल, सुरेश ,लक्ष्मण श्रीमती छोटी बाई, श्रीमती पुष्पा बाई ग्राम कोटवार कमलेश पगारे सहित ग्रामीण जन विशेष रूप से उपस्थित थे ग्राम सभा की कार्रवाई को शिक्षिका श्रीमती कीर्ति राजपूत ने लिपिबद्ध किया।

## 'पशु विकास केंद्रों का शुभारंभ' 'और श्वेतधारा रथ का उद्घाटन समारोह''

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी ।** आई. डी. एफ. सी. फर्स्ट बैंक के सी. एस. आर. के आर्थिक सहयोग और इंडियन ग्रामीण सर्विसेस के द्वारा संचालित ‟श्वेतधारा परियोजना‟ के कार्यालय का शुभारंभ सुश्री रचना अय्यर आई. डी. एफ. सी. फर्स्ट बैंक (सी.एस.आर. हेड) और श्री ललित बेदुला (सी.एस.आर. में वरिष्ठ मैनेजर) के साथ साथ आई.जी. एस. से श्री आर. एस. सोलंकी (सी.ओ.ओ), श्री भास्कर सिंह बघेल (रीजनल ऑपरेशन हेड), के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ फीता काट कर उद्घाटन बड़े हर्षोल्लास से किया गया पशुपालकों को पशु स्वास्थ के महत्व, दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने, कृत्रिम– गर्भाधान एवं टीकाकरण के महत्त्व के प्रति जागरूक करने हेतु 'श्वेतधारा रथ' को सुश्री रचना अय्यर मैडम, श्री ललित सर, श्री आर. एस. सोलंकी ,श्री भास्कर सिंह , श्वेतधारा प्रोग्राम मैनेजर श्री कन्हाई जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। किसानों कीसुविधा के लिए आई. जी. ऐस. ने 'टोल फ्री नंबर (1800–1211–1011)' भी शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से पशुपालक एक कॉल के माध्यम से बिना किसी खर्च के अपनी समस्याओं पर तत्काल एवं उचित सलाह प्राप्त कर सकते हैं। श्वेतधारा परियोजना के कार्यों जैसे – पशु नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य, पशुओं को पोषण जिसमें दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से जिला नर्मदापुरम में 'श्वेतधारा परियोजना' का संचालन किया जा रहा है । इस अवसर पर परियोजना के उद्देश्य एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए श्री भास्कर सर के द्वारा बतलाया गया की अभी 5 ब्लॉक, पिपरिया, बनखेड़ी, सोहागपुर, होशंगाबाद और बाबई के चयनित 200 ग्रामों में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य, दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना एवं महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से श्वेतधारा परियोजना का संचालन किया जा रहा है। ग्रामसखी के माध्यम से गांव के पशुपालकों को उचित दरों पर उच्च गुणवत्ता वाला संतुलित पशु आहार, चुनी, मिनरल मिक्सचर एवं दवाइयां आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। परियोजना का उद्देश्य पशु पालकों दुग्ध की उत्पादकता बढ़ाना और टिकाऊ डेयरी व्यवसाय बनाना स इसके लिए ग्राम स्तर पर निःशुल्क बाँझपन उपचार शिविर एवं पशुपालकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम भी कराए जा रहे है।

# पर्यटन स्थल बांद्राभान और मुख्यालय पर पर्यटन कार्य योजना की बैठक हुई सम्पन्न

### जिला मुख्यालय पर दर्शनीय स्थलों का बनेगा सर्किट

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिले में पर्यटन को लेकर अपार संभावनाएं है जिले में ऐसे कई सुंदर और रमणीक स्थान है जो अब भी अनछुए से हैं, ऐसे नए स्थलों को पहचान दिलाने ओर उस क्षेत्र का विकास करने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन एवं जिला प्रशासन सतत कार्यरत है। इसी तारतम्य में जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवासभा कक्ष में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में पर्यटन स्थल बांद्राभान और जिला मुख्यालय के चिन्हित पॉइंट पर पर्यटन कार्य योजना की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत द्वारा बांद्रा भान पर्यटन स्थल को विकसित करने की कार्य योजना बताई , साथ ही कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया पर्यटन की दृष्टि से पर्यटकों के लिए बांद्रा भान स्थल एक सम्पूर्ण पर्यटन साबित होगा , प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बांद्राभान में टेंट सिटी, टूरिज्म के तहत आने वाली गतिविधि, महोत्सव, एडवेंचर सहित पर्यटन स्थल बांद्राभान में समय–समय पर विभिन्न आयोजन एवं कार्यक्रम किए जाए। पर्यटन स्थल बांद्राभान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराएं जिससे स्थायनीय लोगो को रोजगार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल बांद्राभान समय–समय पर विभिन्न आयोजन एवं कार्यक्रम होंगे तो स्थानीय नागरिकों के साथ–साथ अन्य जगहों के पर्यटक भी बांद्राभान आएंगे।

इसी प्रकार बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने जिला मुख्यालय पर पर्यटन कार्य योजना की पर्यटन से संबंधित अधिकारीयों से विस्तार से चर्चा की, ओर मुख्यालय पर स्थित चिंहित सुंदर और रमणीक स्थलों का सर्किट बनाए जाने ओर उन स्थलों पर व्यवस्था बनाये जाने की भी चर्चा की गई बैठक में कलेक्टर ने मुख्य रूप से मुख्यं नगर पालिका अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेंड को निर्देश दिए कि नर्मदापुरम शहर में जितने भी पर्यटन स्थल और प्राचीन मंदिर एंव धरोहर है उनकों चिन्हि्कंत कर वहां के इतिहास को जाने और जिला पर्यटन कार्य योजना के तहत उन्होने शहर के पर्यटन स्थनल आर्कषक और सुन्दर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए है कि शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर आर्कषक साईन बोंड एवं इमरजेंसी के नंबरों वाले बोर्ड लगाए।

बैठक में कलेक्टिर सोनिया मीना ने कहा कि नर्मदापुरम शहर में पर्यटन स्थलों को बढावा देने के लिए हमकों उसका इतिहास जानना बहुत जरूरी है, जिससे उस पर्यटन स्थल को और आर्कषक बनाया जा सकें। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल पर सिटी वॉक, लोकल स्वादिष्ट व्यंजन की दुकान, शांपिग की दुकान, गाईड एंव रिक्शा सहित अन्यद्द विभिन् चीजे होनी चाहिए पर्यटन स्थल पर जिससे टूरिस्टों को आर्कषक लगे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ सोजान सिंह रावत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमेश्वसरी पटले, सिटी मजिस्ट्रेट असवन राम चिरावन, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश देहलवार, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान, पीडब्ल्यूडी, जिला पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर, शिक्षा, नगर पालिका नर्मदापुरम के इंजीनियर, डीएफओ, आईजीएस सहित पर्यटन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरण प्राथमिकता से स्वीकृत और वितरित कराएं – कलेक्टर सोनिया मीना

### जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक आयोजित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । शासन द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरण स्वीकृत और वितरित कराएं। यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर द्वारा पूर्व में आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण की समीक्षा की। उन्होंने शासन द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं के पूर्व में लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करते हुए उनमें पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। बैठक में एलडीएम श्री आर डी वघेला द्वारा बताया गया की साख योजना 2023–24 अंतर्गत दिसंबर 2023 तिमाही की समाप्ति पर जिले की कुल वार्षिक उपलब्धि 62 प्रतिशत रही। बैठक में कलेक्टर ने नर्मदा पुरम जिले की कुल जमा एवं अग्रिम की स्थिति की एवं जिले की बैंक्वार वार्षिक साख योजना की वर्ष 2024–25 की 30 जून 2024 तक विस्तारपूर्वक समीक्षा की

कलेक्ष्टर सुश्री मीना ने बैठक में शासन द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बैंकवार समीक्षा की। उन्होंने मत्स्यपालन, पशुपालन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र आदि विभागों को आवश्यक जानकारी सहित व्यवस्थित प्रकरण तैयार कर बैंको को प्रेषित करने के निर्देश दिए। ताकि प्रकरण अनावश्यक निरस्त न हो। बैंकों के साथ समन्वय कर इन प्रकरणों को स्वीकृत एवं वितरण भी कराए जाने के लिए निर्देशित किया है।,

कलेक्ष्टर सोनिया मीना ने निर्देशित किया है कि स्वीकृत वार्षिक ऋण योजना के निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप लक्ष्य पूर्ति की जाए। उन्होने कहा है कि कम से कम 60 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ती की जाए। कलेक्टर ने जिले में बैंकिंग क्षेत्र तथा वार्षिक सखी योजना 2024 25 अंतर्गत प्रति प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऋण जमा अनुपात, प्राथमिक क्षेत्र के लिए ऋण, कृषि क्षेत्र के लिए ऋण, कमजोर वर्ग के लिए ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, पशुपालन एवं मत्स्य पालन की बैंक्वार स्थिति की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री पथ विक्रेता मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता मुख्यमंत्री उद्योग क्रांति योजना तथा मध्य प्रदेश आदिवासी वित्त एवं विकास निगम आदि योजनाओ के प्रकरणों में हितग्राहियों को हित लाभ वितरण में गति लाने के लिए निर्देशित किया तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का भी प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जनधन योजना में गरीब भाई–बहनों को सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर दिया– मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रधानमंत्री श्री मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनधन योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाई

### मुख्यमंत्री ने योजना के लाभार्थियों को भी दी शुभकामनाएं

जनसंपर्क नर्मदापुरम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनधन योजना के गौरवशाली 10 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में लिखा है कि आज का दिन देश के लिए ऐतिहासिक है। भारत सरकार की इस कल्याणकारी योजना में समाज के अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति को बेहतर जीवन और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। जनधन योजना का ही परिणाम है कि अब बैकिंग सेवाओं का लाभ ऐसे व्यक्ति भी उठा रहे हैं जिन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। जनधन योजना करोड़ों देशवासियों विशेषकर गरीब भाई–बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देने में सफल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योजना को सफल बनाने के लिए दिन–रात काम करने वाले सभी लोगों और योजना के लाभार्थियों को बधाई दी है।

अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
मो. 9806969697, 9893692487, 9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है ।

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।

विजय ज्वेलर्स

मेन रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन-मो. 9425475530

# शासकीय शालाओं में धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

### छात्र – छात्राओं द्वारा भगवान श्री कृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई

जनसंपर्क नर्मदापुरम । जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र–छात्राओं ने राधा कृष्ण बनकर नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी एवं भगवान श्री कृष्ण की चित्रकला तथा उनके आदर्श पर आधारित कविताओं का गायन भी किया गया। इसी क्रम में शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल पुरानी इटारसी में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा विद्यालय की छात्राओं द्वारा राधा कृष्ण बनकर नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसी प्रकार शासकीय एकीकृत हाई स्कूल संसार खेड़ा में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर धूमधाम एवं उल्लास से मनाया गया। जिले के अन्य स्कूलों जैसे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी खुर्द, शास उ मा विद्यालय, बादरी (केसला), शासकीय हाई स्कूल ग्वालटोली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया, शासकीय हाई स्कूल शुक्करवाडा कलां एवं शासकीय हाई स्कूल मिशन खेड़ा इटारसी में भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया तथा शालाओं के शिक्षकों द्वारा भी श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित प्रसंगों का व्याख्यान दिया गया। शिक्षकों द्वारा भगवान श्री कृष्ण की गीता उपदेश के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी गई। उनके मित्रता के प्रसंग का भी वाचन किया गया।



## बच्चों को कृष्ण स्वरूप धारण कराकर मंदिरों में पहुंच रहे श्रद्धालु



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** कहते हैं कि बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं। जन्माष्टमी के मौके पर सोमवार को बच्चों में साक्षात भगवान का स्वरूप देखने को मिला। नर्मदापुरम के राधा कृष्ण मंदिर में श्रद्धालु अपने बच्चों को कृष्ण स्वरूप धारण करा कर पहुंचे। जन्माष्टमी पर बड़ों ही नहीं बच्चों में भी उत्साह नजर आया. माता पिता अपने बच्चों को कृष्ण स्वरूप में सजाकर श्रीकृष्ण मंदिर में लेकर आए। स्वर्णिका मिश्रा ने भी श्री कृष्ण रूप धारण किया।

# यदि वसुदेव–देवकी कारावास में नहीं होते तो कृष्ण का जन्म आगरा में होता –श्रीकृष्ण का सगा मामा नहीं था कंस

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 26 अगस्त को मनाई । इस अवसर पर देशभर से श्रद्धालु हर बार की तरह कृष्ण भगवान की जन्मस्थली के दर्शन के लिए मथुरा गये । इस दौरान कृष्ण की लीलाओं से जुड़े सभी स्थलों वृंदावन, गोकुल,बरसाना आदि में लंबे अरसे तक विभिन्न आयोजन होते हैं। कृष्ण मथुरा में जन्मे, लेकिन यहां यह बताना मौजूं होगा कि उनका गृह जनपद आगरा था। यदि वसुदेव और देवकी मथुरा में कारावास में नहीं होते तो श्रीकृष्ण का जन्म स्थान आगरा होता। उनके पिता वसुदेव और पितामह शूरसेन बटेश्वर निवासी थे।

श्रीकृष्ण माता देवकी और पिता वसुदेव की आठवीं संतान थे। इनके पूर्वज यदु की संतान होने के कारण यदुवंशी कहे जाते हैं। इतिहास खंगालने पर ज्ञात होता है कि सन 625 में भारत आए एक चीनी यात्री ने अपने भारत वर्णन में कंस के राज्य का विस्तार 833 मील बताया है। कंस का आगरा में किला था। इस तथ्य की पुष्टि आगरा के गांव गोकुलपुरा स्थित कंस दरवाजा से भी होती है। विशन कपूर ने अपनी 'आगरा दर्शन' नामक पुस्तक में लिखा है कि महाभारत काल में आगरा में कंस का जेलखाना था। आज भी कंस दरवाजा से जुड़ी एक दीवार है। होली पड़वा के दिन मनसादेवी मंदिर से निकलने वाली कृष्ण–राधा यात्रा कंस दरवाजा पर जाकर समाप्त होती है। इन सभी तथ्यों का उल्लेख राजकिशोर राजे की पुस्तक 'तवारीख–ए–आगरा' में भी मिलता है।

श्रीभागवत सुधा सागर के वर्णन अनुसार द्वापर युग में वहां अंधक वंशीय राजा आहुक राज्य करते थे। राजा आहुक के दो पुत्र देवक और उग्रसेन थे। आहुक की मृत्यु के पश्चात उग्रसेन ने राजसिंहासन संभाला। उग्रसेन के यहां कंस सहित नौ पुत्र और चार कन्याओं का जन्म



हुआ। उग्रसेन के भाई देवक के देवयान सहित चार पुत्र और सात कन्याएं हुईं। देवक ने अपनी बड़ी बेटी देवकी व उसकी छह बहनों का विवाह शौरीपुर के राजा शूरसेन के पुत्र वसुदेव से किया था। यही शौरीपुर वर्तमान में बटेश्वर है। बाद के वर्षों में अंधक वंश में कुछ ऐसे हालात बने कि कंस ने अपने पिता उग्रसेन को बंदी बनाकर राजसिंहासन पर कब्जा कर लिया। इसी दौर का वाकया है वसुदेव मथुरा से अपनी नवविवाहिता पत्नी देवकी को विदा कराकर रथ से शौरीपुर (बटेश्वर) की ओर प्रस्थान कर रहे थे। कंस खुद रथ को हांक रहा था। तभी आकाशवाणी हुई कि–'अरे मूर्ख कंस, तू जिसको रथ में बैठाकर ले जा रहा है, उसकी आठवीं संतान तुझे मार डालेगी।' यह भविष्यवाणी सुनकर कंस भयभीत हो गया। उसने वसुदेव सहित देवकी को बंदी बना लिया। इसके बाद वसुदेव और देवकी की सात संतानों का कंस ने वध कर दिया। वसुदेव ने आठवीं संतान को प्रयत्न करके किसी तरह गोकुल में नंद नामक अपने रिश्तेदार के यहां पहुंचा दिया। बाद में इसी बालक कृष्ण ने कंस का वध करके फिर से राजा उग्रसेन को गद्दी पर बैठा दिया। कंस देवकी की संतानों को मारने की वजह से कुख्यात है। हालांकि कृष्ण की मां देवकी कृष्ण की सगी बहन नहीं थी और इस तरह कृष्ण का सगा मामा नहीं था। देवकी कंस के पिता उग्रसेन के भाई देवक की पुत्री थी। कंस का वध करके कृष्ण ने कंस के आतंक का अंत किया था।

–डॉ विनोद पुरोहित


**प्रकाश डिजिटल फोटो स्टूडियो**

पाठक जी की चाल
सांडिया रोड, पिपरिया

शादी, जन्मदिन, अन्य पार्टियों एवं कार्न्फेस के लिए पिपरिया शहर में पहली बार प्रोजेक्टर की सुविधा उपलब्ध है


## बचाना होगा पानी

- प्लास्टिक का बहिष्कार करें। कपड़े की थैली का उपयोग करें।
- तालाब छोटे छोटे बनाना होगा।
- पौधरोपण करें।
- जनसंख्या पर नियंत्रण जरुरी है।
- वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपनाए।
- दो टेंकों वाला पारवाना बनाएं।
- जैविक खेती को अपनाएं।
- जल बचाये, जलस्तर बढ़ाने के लिए उपाय करें।
- रासायनिक खाद व कीटनाशक से बचें।
- बहुफसल प्रणाली को अपनाएं। ✲ ड्रिप प्रणाली से सिंचाई कर पानी बचाएं।
- सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दें।

उक्त कार्यों के लिए आप के पास लेख, विचार या योजना हो तो लिख भेजें हम जनहित में उसका प्रकाशन करेंगें जनजागरण अभियान


विश्वसनीयता ।। श्री महावीराय नमः ।। उचित दाम

**श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स**

(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)



हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है।



असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।

सांडिया रोड, पालीवाल गैस एजेंसी के पास, पिपरिया
प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

# एक डॉक्टर की डरावनी मौत – इंसानियत से गिरता इंसान

–कुलभूषण उपमन्यु

कोलकाता के 'राधा–गोविंद कर अस्पताल' की प्रशिक्षु डॉक्टर की बलात्कार के बाद की गई वीभत्स हत्या ने एक बार फिर समूचे देश को हिला दिया है, लेकिन क्या यह देश–व्यापी उथल–पुथल किसी कारगर नतीजे तक पहुंच पाएगी? क्या हमारी सरकार और समाज कुछ ऐसी कार्रवाई कर पाऐंगे जिसके चलते दुबारा इस वीभत्सता का सामना न करना पड़े ? प्रस्तुत है, इसी विषय पर टिप्पणी करता कुलभूषण उपमन्यु का यह लेख।–संपादक

कोलकाता में प्रशिक्षु डॉक्टर की बलात्कार के बाद जघन्य हत्या की गुत्थी उलझती जा रही है। पूरा देश हतप्रभ है कि ये हो क्या रहा है। जिस तरह की संभावनाए सीबीआई जाँच में उभर कर आ रही हैं वे सोच से परे की गिरावट का परिदृश्य पैदा करने वाली हैं। एक चिकित्सा संस्थान कैसे यौन अपराध का रैकेट चालक, ड्रग तस्करी में लिप्त और अवैध अंग तस्करी जैसी जघन्य गतिविधियों का ठिकाना हो सकता है? उस अपराध की शिकार महिला से बलात्कार के पीछे के कारणों में यदि अंग–तस्करी और ड्रग–तस्करी जैसी अपराधिक गतिविधियां भी जुड़ी हों तो यह मामला अति गंभीर श्रेणी का हो जाता है जिस पर से पर्दा उठना अत्यावश्यक हो जाता है।

दुर्भाग्य की बात यह है कि जिस के ऊपर न्यायिक प्रक्रिया में मददगार होने की प्रशासनिक जिम्मेदारी है वही प्रशासन अपराधियों का संरक्षण करता दीखता है। स्वयं मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी का व्यवहार कितना ओछा और हैरान करने वाला है, जब वे प्रशासनिक कर्तव्यों का निर्वहन करने की बजाये स्वयं रैली निकालकर घटना का विरोध करने निकल पड़ती हैं। यह समझ नहीं आता कि वे किसका विरोध कर रही हैं और किस से सजा दिलाने की मांग कर रही हैं। यह तो राज्य सरकार का ही कार्य है और वही राज्य की मुखिया हैं।

शक के दायरे में कॉलेज के प्रिंसिपल का व्यवहार भी है। उसे बचाने के प्रयास क्यों किये जा रहे है? जिसे हत्या की सूचना पुलिस को समय पर न देने का जिम्मेदार ठहराकर निलंबित किया जाना चाहिए था उसे दूसरे कॉलेज का प्रिन्सिपल बनाकर पुरस्कृत करने या संरक्षित करने का कार्य हैरान करने वाला है। हत्या के प्रकट मामले को आत्महत्या दिखाने के प्रयास क्यों हुए हैं? इसमें पुलिस प्रशासन की भूमिका क्यों संदिग्ध बनी हुई है? प्रथम दृष्टया हत्या दिखने वाले मामले को पुलिस आत्महत्या दिखाने का प्रयास करे तो यह बहुत गंभीर मामला बनता है।

पूरे केस की जाँच करके सचाई को न्यायालय के सामने रखने और अपराधी को दंडित कराने के लिए पेश करने की असल जिम्मेदारी पुलिस की ही है। आरंभिक जाँच में ऐसी कोताही बरतना अक्षम्य है। जाँच के लिए घटना स्थल पर सबूतों को इक्कठा करना, सबूतों को संरक्षित करना पुलिस की ही जिम्मेदारी है। इसमें पुलिस सोई हुईं क्यों लगती है? क्यों घटना स्थल को खुला छोड़कर साक्ष्यों को नष्ट करने का मौका अपराधी तत्वों को दिया गया? जाँच कार्य के बीच में ही घटना स्थल के पडौस में निर्माण कार्य के लिए तोड़–फोड़ करने के पीछे क्या मंशा है?

ऐसे कई संदेह पैदा करने वाले तथ्य खबरों से निकलकर आ रहे हैं। वैसे ममता बैनर्जी के कार्यकाल में अराजकता के अनेक मामले पहले भी उभरते रहे हैं। संदेशखाली की घटना तो अभी ताज़ा ही है। चुनावों के बाद की हिंसा में विरोधियों को प्रताड़ित करने की छूट और उस पर राजनेताओं और प्रशासन की चुप्पी, पंचायत चुनावों के बाद हुई खुली हिंसा पश्चिमी बंगाल में प्रशासन की निष्पक्षता को संदिग्ध बनाते हैं, जहां प्रशासन द्वारा विरोधी दलों के समर्थकों के साथ हिंसक प्रतिकार की छूट दी जाती है। यहाँ तक कि राज्य का उच्च न्यायालय भी इस पर टिप्पणियाँ करता रहा है।

कानून व्यवस्था के मामलों में भेद–भाव व्यवस्था को कमजोर करता है और आपराधिक भूमिका वाले लोगों के हौसले बढाता है। किसी भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था को इससे बचना चाहिए। प्रजातंत्र का मूल तो क़ानून का शासन है जिसमें भेदभाव की कोई गुंजाईश नहीं हो सकती। शायद बंगाल, वामपंथी शासन के समय की इलाका दखल संस्कृति से अभी उबर नहीं पाया है या ममता बनर्जी ने भी उसी कार्य प्रणाली को अपना लिया है, ताकि विरोध के स्वरों को उठने ही न दिया जाए। यह एक दलीय शासन की स्थापना की इच्छा का द्योतक है।

विरोधी पक्ष भी ऐसी स्थितियों में राजनैतिक लाभ के चक्कर में पड़ने लग जाते हैं। एक ऐसी अस्वस्थ्य बहस होने लग जाती है कि आपके शासित राज्य में भी ऐसी घटनाएं हो रही हैं। सच में ऐसा हो भी रहा है। अभी देहरादून में एक मानसिक रूप से कमजोर लडकी के साथ दुराचार का मामला सामने आया है। अपराधी पकड़े गए हैं, किन्तु 'मेरी गलती और तेरी गलती' करके गलती माफ़ नहीं की जा सकती। असल बात यह है कि जहां भी ऐसी घटना हो वहां अपनी प्रशासनिक और राजनैतिक जिम्मेदारी दलगत ओछी राजनीति से ऊपर उठकर पूरी की जानी चाहिए।

निर्भया मामले के बाद लगा था कि हालात सुधरेंगे, किन्तु नहीं, केवल क़ानून सख्त बना देने से काम होने वाला नहीं, क़ानून को लागू करने वाली मशीन भी गंभीर होनी चाहिए। अंत में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हमारे बच्चों को नैतिक तरबीयत, जो घर से ही दी जा सकती है, उसका ध्यान रखा जाना चाहिए। क़ानून तो उल्लंघन करने वालों के लिए ही है। यदि आपराधिक सोच ही कम होती जाए तो ऐसी घटनाएं होना कम हो जाएंगी। यह काम तो घरों से ही शुरू होना चाहिए। आशा की जानी चाहिए कि पीड़ित डॉक्टर को न्याय मिलेगा और आगे के लिए भी सुधार का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा। तब तक जागते रहें। (सप्रेस)

– श्री कुलभूषण उपमन्यु स्वतंत्र लेखक हैं और 'हिमालय नीति अभियान' के अध्यक्ष हैं।

# डेंगू की रोकथाम के लिए घर–घर सर्वे एवं फॉगिंग कार्य निरंतर जारी

जनसंपर्क नर्मदापुरम । नर्मदापुरम जिले में बारिश के मौसम के दृष्टिगत डेंगू, मलेरिया, जैसी वेक्टर जनित बीमारियों के प्रभावी रोकथाम के लिए कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मलेरिया विभाग द्वारा अभियान के रूप में घर–घर सर्वे एवं फॉगिंग कार्य किया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला मलेरिया टीम द्वारा नर्मदापुरम शहर के मालाखेड़ी छेत्र में घर–घर जाकर लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टिकरण का कार्य किया गया। ऐसे स्थान जहाँ वर्षाकाल में पानी का जमाव होता है एवं मच्छरों का लार्वा पनपने की संभावना होती है उन्हें खाली कराया गया तथा रुके हुए पानी में टीमोफॉस डाला गया। घरों के ऊपर जमा टायरों को हटवाया गया साथ ही प्रचार सामग्री का वितरण कर आम जन को डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी



गई।

डेंगू के मच्छर घरो के आस–पास जमा पानी, कूलर, गमले, सीमेन्ट की टंकी, पानी की होज, छत पर रखी टंकिया, मटके, टायर आदि में जमा पानी में पनपते है। आमजन से अपील की है कि डेंगू से बचाव हेतु घर के आसपास पानी न जमा होने दे। रुके हुये पानी की निकासी करे। यदि निकासी संभव न हो तो मिट्टी का तेल या जला हुआ तेल डाल दे। शाम को सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करे। घर के खिड़की दरवाजे में मच्छर रोधी जाली लगवाये, पूरी आस्तीन के कपड़े पहने कूलर, टंकी, होज, नांद, तथा पानी के कंटेनरो की सप्ताह में एक बार सफाई अवश्य करें।

बेचना है ।
हुन्डई वरना कार
चालू हालत में सभी कागज कम्पलीट 2006 मॉडल बेचना है । इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें ।
मो. 9425475498

पिपरिया डेन्टल क्लीनिक
(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया
सुपर सिलेक्शन
मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया
अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल

# सांसद एवं विधायकगणों ने मंदिरों में आयोजित जन्माष्टमी के कार्यक्रम में सहभागिता निभाई एवं गौशाला पहुंच कर की गौसेवा

### नर्मदापुरम जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व स्कूली बच्चों ने भगवान श्री कृष्ष्ण की लीलाओं एवं जीवन को रेखांकित किया

जनसंपर्क नर्मदापुरम । शासन के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में प्रातरू से ही जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। विधायकगणों एवं जनप्रतिनिधियों ने विशेष रूप से मंदिरों में आयोजित जन्माष्टमी के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाई एवं विभिन्न गौशालाओ में पहुंच कर गौसेवा करते हुए गायों को गौ ग्रास खिलाया एवं उनके चारे भूसे की व्यवस्था की। इस दौरान आयोजित चल समारोह में जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में जन्माष्टमी के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें स्कूली बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओ एवं जीवन को रेखांकित करते हुए उसका मंचन किया। कई स्कूलों में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

होशंगाबाद सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने बनखेड़ी के समनापुर गौशाला में पहुंच कर आरती कर गौसेवा की। इस अवसर पर बालकदासजी महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होने गायों को हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर उन्होनें पौधरोपण किया। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने नर्मदापुरम की ग्राम पंचायत बाईखेड़ी के नंदनी गौशाला में गौवंश की पूजन अर्चन कर गौवंशो को अपने हाथों से हरा चारा खिलाया।

नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने इटारसी के ग्राम मेहरागांव स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर एवं माखननगर में यादव समाज द्वारा आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम में पहुंच कर भगवान श्री कृष्ण के दर्शन किये एवं मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी के कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी सहभगिता निभाई। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधीगण भी मौजूद थे। तत्पश्चात विधायक डॉ शर्मा ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी गौरक्षा दिवस के पावन अवसर पर इटारसी के न्यास कॉलोनी स्थित श्री कृष्ण गौशाला में गौसेवा की। उन्ह्होने गौ माताओं की आरती कर पूजन किया एवं गौमाताओं को गौग्रास खिलाया।

जन्माष्टमी के पावन पर्व पर माखननगर में विशाल चल समारोह निकाला गया जिसमें सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह उत्ध्साहपूर्वक शामिल हुए। पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी भी ग्राम घाना ग्राम पंचायत सिंगानामा की गौशाला में पहुंचकर गौवंश की पूजन अर्चन कर सभी गौवंशों को हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को गौसेवा करने की समझाइश दी। विभिन्न गौसेवको ने नीमनपुर गौशाला में गौवंश का पूजन कर उन्हे केला एवं चारा अर्पित किया। चापण ग्रहण की गौशाला में भी गायों को गौग्रास खिलाया गया।

**जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी का पर्व**

नर्मदापुरम जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में जन्माष्टमी की धूम रही। स्कूली बच्ध्चों ने उत्साहपूर्वक स्ध्कूल में आयोजित कार्यक्रमों में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं एवं जीवन को रेखांकित करते हुए नाटक का मंचन किया इस अवसर पर कई स्कूलो में मटकी फोड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने भाग लिया। पीएमश्री स्ध्कूल हंथवास, ईपीईएस स्कूल ताराराेडा, टीआरएम स्कूल इटारसी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्ध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम, सीएम राइज स्कूल सिवनी मालवा एवं पवारखेडा, सरस्वती शिशु मंदिर नगर परिषद बनखेडी, जीनियस प्लानेट स्कूल इटारसी, स्प्रिंगडेल्स स्कूल नर्मदापुरम, सेमेरिटन्स स्कूल नर्मदापुरम, शासकीय नवीन हाई स्कूल सिवनी मालवा, प्राथमिक शाला खटकड़ सिवनीमालवा, शासकीय हाई स्कूल भरलाय सिवनीमालवा, शासकीय स्कूल ग्वालटोली, शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल नर्मदापुरम के छात्रावास कैंपस एवं शासकीय जुमेराती कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल नर्मदापुरम सहित जिले के सभी स्कूलों में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया।

**जिले के सभी राधा कृष्ण मंदिरों में की गई विशेष श्रृंगार एवं साज सज्जा**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जिले के सभी राधा कृष्ण मंदिरों में विशेष साज सज्जा की गई। सभी मंदिरों को फूलों से एवं रांगोली से सजाया गया। भगवान श्री कृष्ण का विशेष अभिषेक किया गया। इटारसी के ठाकुर श्री द्वारकाधीश मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। वैसे ही माखननगर के राधा कृष्ण मंदिर, सेठानी घाट के राधा कृष्ण मंदिर ग्वालटोली के राधा कृष्ण मंदिर, आदमढ़ के राधा कृष्ण मंदिर में महिलाओ का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही पूजा पाठ एवं भजनों का क्रम चलता रहा। भक्तगण उत्साह से अविभूत होकर नृत्य करते दिखाई दिये।

## किसानों को गेहूं एवं मूंग का भुगतान किए जाने की कार्यवाही की जाए

जिले में यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें -कलेक्टर

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय उपार्जन समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्व संबंधितों को निर्देशित किया गया कि गेहूं एवं मूंग के भुगतान को समय सीमा में करें।

कलेक्टर ने सर्व संबंधितों को निर्देश दिए कि किसानों को गेहूं एवं मूंग का भुगतान समय पर हो जाए, किसी कारणवश यदि असफल भुगतान हुआ है, तो उसे रिव्यू कर ठीक कराए। साथ ही गेहूं एवं मूंग अपग्रेडेशन का कार्य भी तेज गति से चलता रहे। समितियों की रिजेक्ध्टेड मूंग को डीआरसीएस अपग्रेड करने की कार्यवाही करें जिससे की भुगतान प्रभावित न हो। उन्होंने मार्क फेड के बिल समय पर क्लियर करने के निर्देश दिए। उन्ध्होंने पीडीएस के माध्यम से राशन वितरण भी सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने सर्व संबंधितों को कहा कि जब भी भ्रमण पर जाएं तो उपार्जन केन्द्र में आवश्यक व्यावस्थाओं को चौक करें। निरीक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने सर्व संबंधितों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभाग की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण एवं जनसुनवाई में आए आवेदनों का निराकरण करें। उन्होंने ने कहा कि जिले में यूरिया एवं डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। बैठक में उप संचालक कृषि जेआर हेडाउ, जिला आपूर्ति अधिकारी ज्योति जैन सिंघई, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति मेघराज यादव, डीआरसीएस, डीएमओं मार्कफेड सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भारत पेशनर्स समाज ने सांसद जी को पेशनर्स की समस्याओं से अवगत कराया

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** भारत पेशनर्स समाज जिला शाखा होशंगाबाद के प्रतिनिधि मंडल ने लोक सभा सदस्य श्री चौधरी दर्शन सिह जी को पेशनर्स की समस्याऔ से संबधित ज्ञापन पिपरिया में स्थित कार्यालय में भेट कर सौपा भारत पेंशन समाज के अध्यक्ष श्री प्रभात पांडे ने बताया की पेंशनर्स की समस्याओ में मुख्यतया राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा ४६(६)का विलोपन करने केन्द्र के समान महगाई राहत प्रदान करने केन्द्रीय वेतन मान का ३२ माह तथा सातवें वेतनमान का २७ माह लंबित ऐरियर्स का भुगतान करने तथा भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र में उल्लेखित



७०साल से अधिक वरिष्ठ नागरिको को आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड की सुबिधा प्रदान करने एवं इस योजना में ६० बर्ष के वरिष्ठ नागरिको को सामिल करने एवं ३०जून एवं ३१ दिसम्बर को सेवानिवृत्ति हो रहे कर्मचारीयो को एक वेतन बृद्धी देने जिन पेशनर्स की आयु ७६ बर्ष पूरी हो गई है उन्हे २० प्रतिशत मूल पेंशन में बृद्धी करने संबंध में आदेश करने वावत मांगो के संबंध में सासंद महोदय से विस्तार से चर्चा हुई सांसद महोदय ने आश्वासन दिया की इन समष्याओ के संबंध में प्रधान मंत्री जी गृह मंत्रीजी एवं मुख्यमंत्री जी से भेट कर समस्याओ का निराकरण करेंगे प्रतिनिधि मंडल में डा एल एल शर्मा विजय वर्मा राजेन्द्र ठाकुर एम एल वर्मा चंदनसिह ठाकुर आर पी सोनी रमेश दुबे पी डी सोनी आर के दुबे नरेन्द्र दुबे आर के तिवारी विमल शर्मा आदी उपस्थित थे


वाटर प्रूफिंग एक बार सुरक्षा सालों साल

ना रेत, ना सीमेंट, ना गिट्टी, बिना तोड़फोड़ किये वाटर प्रूफिंग करवाइये

दीमक व कॉकरोच का तुरंत अंत



प्रफुल्ल वाटर प्रूफिंग

सम्पर्क - संजय नरवाडे

मो. 8459158837, 9673488086

किराए पर हाल उपलब्ध

काबरा कालौनी में प्राइम लोकेशन के साथ प्रथम तल पर 1250 वर्गफुट का हॉल किराए पर देना है। कोचिंग आदि के लिए उपयुक्त स्थान हैं। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें।

मो. -9425708959

दुकान किराये से देना है

प्राइम लोकेशन पर स्थित आई.सी.आई. बैंक बालाजी काम्प्लेक्स सीमेन्ट रोड काबरा आइल मिल पिपरिया के समीप 11 X 19 की दुकान किराए से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें। आफिस, प्राइवेट बैंक, कोचिंग, ए.टी.एम, आदि के लिए उपयुक्त है। सम्पर्क करें।

19/9/2024　सम्पर्क करें -7999387936


स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- होशंगाबाद (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com